हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–13 : जौनपुर, बुधवार 31 अगस्त 2022 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा करेंगे मुख्यमंत्री योगी : हवाई सर्वेक्षण कर जानेंगे हाल

लखनऊ ब्यूरो : यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा करेंगे और स्थिति का आकलन करेंगे। मुख्यमंत्री गाजीपुर और चंदौली जिले का हवाई सर्वेक्षण करेंगे और फिर शाम करीब साढ़े चार बजे वाराणसी पहुंचेंगे। वाराणसी में मुख्यमंत्री योगी एनडीआरएफ के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेंगे और फिर बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण करेंगे। दरअसल, प्रदेश में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए 22 जिलों को बाढ़ प्रभावित घोषित किया गया है। प्रदेश में गंगा, यमुना, बेतवा और चंबल नदियों का जलस्तर बढ़ जाने से कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों की तरफ

पलायन करना पड़ रहा है और अब तक हजारों बीघा फसल जलमग्न हो चुकी है। प्रशासन हाई अलर्ट पर है लोगों को राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा है।

संगठन ही बनाता है सरकार : लोकसभा चुनाव में विपक्ष कोई चुनौती नहीं –भूपेंद्र सिंह चौधरी

लखनऊ ब्यूरो : भारी भरकम उम्मीदों के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की कमान संभालने वाले भूपेंद्र सिंह चौधरी आश्वस्त हैं कि अगले लोकसभा चुनाव में पार्टी यूपी की सभी 80 सीटों पर भगवा लहराएगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष बिखरा हुआ है, हमारे सामने उसकी कोई चुनौती नहीं है। विशेष बातचीत में भूपेंद्र ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि संगठन सरकार से बड़ा है, वस्तुतः संगठन से ही सरकार बनती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद आपकी प्राथमिकता क्या रहेगी? सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को घर–घर पहुंचाना पहला काम है। पार्टी के सेवा से जुड़े कार्यों के जरिए समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ना है। निकाय चुनावों में शत–प्रतिशत सीटें जीतने के बाद अगले वर्ष होने वाले विधान परिषद के स्नातक क्षेत्र और शिक्षक क्षेत्र की कुल पांच सीटों पर चुनाव होने हैं। इनमें से तीन सीटें वर्तमान में भाजपा के पास है। हमारा प्रयास रहेगा चुनाव में सभी पांच सीटें जीतें। निकाय चुनाव में भी सभी 17 नगर निगम में पार्टी की जीत होगी। मिशन 2024 का लक्ष्य कैसे पूरा करेंगे? भाजपा का संगठनात्मक ढांचा बहुत प्रभावी है। हम तकनीक का उपयोग कर उसे और प्रभावी बना रहे हैं। कार्यकर्ताओं की सक्रियता और नेतृत्व के प्रति विश्वास के आधार पर लक्ष्य पूरा करेंगे। मोदी सरकार के कार्य की सार्थक चर्चा आज भी होती है। इसके आधार पर मैं कह सकता हूं कि हम निश्चित रूप से सभी 80 सीटें जीतेंगे। लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रमुख प्रतिद्वंद्वी कौन होगा सपा या बसपा? अभी तो भाजपा के सामने मुकाबले में कोई नहीं है। बसपा सुप्रीमो के बारे में सबको पता है कि वह कहां है? अखिलेश यादव के बारे में उनके गठबंधन के पूर्व सहयोगी ही बता रहे हैं कि वे कहां रहते हैं और उनकी राजनीति में सक्रियता कितनी है। वहीं भाजपा कार्यकर्ता हमेशा सक्रिय रहते हैं। मैदान में सपा, बसपा और कांग्रेस कहीं नहीं है। कार्यकर्ताओं के फीडबैक के आधार पर सरकार के कामकाज की मॉनिटरिंग का क्या सिस्टम है? हमारा सूचना तंत्र कार्यकर्ता हैं, पार्टी के पास सरकारी कोई सिस्टम नहीं है। हम अपने कार्यकर्ताओं के सूचना के आधार पर पार्टी व सरकार के स्तर पर समाधान का प्रयास करते हैं। फीडबैक को सरकार के साथ साझा करते हैं। भाजपा का कार्यकर्ता सक्रिय है वह समाज के बीच रहता है। कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक के आधार पर सरकार से समन्वय के लिए अलग–अलग स्तर पर टीम है। संगठन से सरकार को फीडबैक मिलता रहेगा, उसके आधार पर प्राथमिकता तय होती रहेगी। अक्सर विधायक और पदाधिकारी अधिकारियों के काम से नाराज रहते हैं, इससे कैसे

निपटेंगे? राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में लोग अपेक्षा से काम करते हैं। हम लोग अलग–अलग फोरम पर बैठकर सरकार को इनसे अवगत कराते हैं। सभी काम नहीं हो सकते हैं, लेकिन जो काम होने वाले हैं, वे जरूर होंगे। कार्यकर्ताओं की प्रारंभिक समस्याओं का समाधान सरकार से कराने की व्यवस्था है। संगठन को लेकर डिप्टी सीएम केशव मौर्य के बयान से क्या आप सहमत हैं? संगठन से सरकार बनती है। हमारा संगठन 1951 में बन गया था, लेकिन केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का अवसर 2014 में मिला। पीएम मोदी भी भाजपा को अपनी मां कहते हैं, संगठन नहीं होता तो सरकार कैसी बनती। इसलिए संगठन सरकार से बड़ा होता है। आप जाट समाज से हैं, पश्चिम में सपा–रालोद गठबंधन पर कितना असर होगा? मेरे लिए गर्व की बात है कि किसान परिवार और जाट समाज में पैदा हुआ। लेकिन मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं। जहां तक रालोद–सपा गठबंधन का सवाल है तो पिछले चुनाव के नतीजे से साफ है कि पश्चिमी यूपी में भाजपा को अच्छा परिणाम मिला है। जो नेरेटिव सेट किया गया, उसमें सच्चाई नहीं है। बागपत रालोद का गढ़ था, वहां भाजपा ने दो सीट जीती है। मथुरा में पांचों सीटें जीतीं। विधानसभा चुनाव में पहला चरण सपा–रालोद के प्रभाव वाला क्षेत्र था, लेकिन भाजपा ने 58 में से 46 सीटें जीतीं। इससे अच्छा प्रदर्शन नहीं हो सकता। हम प्रमुखता से अपनी बात रखते हैं इससे सरकार और समाज हमारी बात सुनते हैं। जाट भाजपा के साथ हैं, भाजपा को ही वोट देते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में पश्चिमी यूपी में भाजपा कुछ सीटें हारी थी, अब क्या रणनीति है? लोकसभा चुनाव 2019 में पश्चिमी यूपी में भाजपा 7 सीटें हारी थी। अब हमने सातों सीटों पर काम शुरू कर दिया है, उसमें से रामपुर उपचुनाव जीत भी गए हैं। हारी सीटों पर जीत की रणनीति बनाकर काम कर रहे हैं। परिणाम हमारे पक्ष में होंगे। गन्ना मूल्य को लेकर आप का क्या नजरिया है? सपा–बसपा सरकार में चीनी मिलों को बेचा जा रहा था। अब विपक्षी दल एजेंडा सेट कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने किसानों को गन्ना मूल्य का रिकॉर्ड भुगतान कराया है। गन्ना भुगतान को लेकर कोई आंदोलन अब नहीं हो रहा है। विपक्षी दलों ने किसानों को मुद्दा बनाकर अपना राजनीति हित साधा। कथित किसान नेता योगेंद्र यादव ने कहा था कि उन्होंने अखिलेश को पिच तैयार करके दी थी, वह बैटिंग नहीं कर पाए तो क्या करें? विपक्षी दल किसानों को हथियार बनाकर अपनी संभावना तलाश रहे हैं। लेकिन जनता ने उन्हें हर चुनाव में नकार दिया है। नई टीम की घोषणा कब तक करेंगे? भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव संभवतः फरवरी में होना है उससे पहले संगठनात्मक टीम खड़ी हो जाएगी। वार्ड से लेकर प्रदेश तक टीम तैयार की जाएगी। पांच मंत्री अब भी सरकार में बने हुए हैं उनके लिए क्या योजना है? जो मंत्री संगठन के पद पर हैं, उन पर पार्टी विचार कर रही है। एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत का पालन कराया जाएगा। बहुत जल्द नई व्यवस्था होगी। कार्यकर्ताओं को संगठन में कितना मौका मिलेगा? भाजपा के सारे पद कार्यकर्ताओं के लिए हैं, परिवार के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है। प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति सभी सामान्य कार्यकर्ता से इस मुकाम तक पहुंचे हैं। परिवार की विरासत को बढ़ाने वाले बहुत कम लोग हैं, पार्टी में बहुत संभावनाएं हैं।

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पूर्व मंत्री स्व0 डॉ के पी यादव की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पूर्व मंत्री स्वं डॉ के पी यादव की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिलाअध्यक्ष लालबहादुर यादव ने कहा केपी यादव की राजनीतिक जीवन की शुरुआत डॉक्टर लोहिया की विचारधारा से प्रेरित रहा शुरुआती दौर में समाजवादी युवजन सभा छात्र सभा फिर संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी और समाजवादी विचारधारा ही उनके जीवन का प्रभाव रहा उनका मन डॉ राम मनोहर लोहिया और नेताजी मुलायम सिंह यादव के विचारों को समर्पित था चौधरी चरण के मौत के बाद राज नारायण से भी प्रभावित रहे डॉ के पी यादव समाजवादी पार्टी से जुड़ कर हमेशा गरीबों मजदूरों और किसानों के ऊपर हो रहे जुल्म के खिलाफ लड़ाई लड़ा करते थे दर्जनों बार पुलिस की लाठियां खाई 36 बार गिरफ्तारी दी और 12 बार जेल की रोटी अभी खाई वह देश और प्रदेश में उस समय चर्चा में आए जब 1997 में सपा बसपा गठबंधन टूटने के बाद मायावती ने बनारस के सीर गोवर्धन गांव की कीमती जमीन पर रविदास पार्क बनाने की योजना के विरुद्ध सफल किसान आंदोलन का हिस्सा बने उनको शासन–प्रशासन धमकाकर फुसलाकर लालच देकर उस आंदोलन को तोड़ने के हर हथकंडे अपनाए लेकिन वह लक्ष्य एंव संकल्प से विचलित नहीं हुए परिणाम यह रहा की हेलीकॉप्टर मुख्यमंत्री मायावती का शिलान्यास स्थल पर नाचता रहा

मगर इतनी संख्याओं में वहां गांव की महिलाएं किसान प्रदर्शन कर रहे थे जिससे मजबूर होकर मुख्यमंत्री को भदोही जाना पडा इस जंग को जीतने के बाद ज्यादा के पी यादव का कद ताकत समाज में काफी बढ़ गया वहीं उनके पुत्र विवेक रंजन यादव ने सभी का आभार वक्त करते हुए कहा कि पापा के संघर्षों को हमने देखा है उनके बताए हुए रास्ते पर चल कर हम भी समाजवादी आंदोलन को आगे बढाने का काम करेंगे श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से विधायक लकी यादव,पूर्व राजनरायन बिन्द राजबहादुर यादव, अवधनाथ पाल, जितेन्द्र यादव, राकेश मौर्या,प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी,मुन्ना प्रमुख दीपचंद राम,यशवता यादव, राजेंद्र टाईगर, संन्दीप यादव,अनवारुल हक,लालमोहम्द रायनी,मनोज मौर्या, विजय सिंह बागी श्रवण जयसवाल राजेश यादव शिवजीत यादव, प्रमोद यादव, रायसाहब यादव, पूनम मौर्या, मालती निषाद, सीमा खान, संचालन जिलामहाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

बी.ए. और एम.ए. पाठ्यक्रम में एक सितंबर से सीधे प्रवेश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के बीए और एमए के पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिन विभागों में प्रवेश परीक्षा नहीं हुई है , वहां खुला प्रवेश लिया जा रहा है। पहले आओ, पहले पाओ के सिद्धांत पर। संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह ने बताया कि बीए.(समाजशास्त्र, जनसंचार, व्यवहारिक मनोविज्ञान), एमए जनसंचार और व्यावहारिक मनोविज्ञान में प्रवेश प्रक्रिया एक सितंबर 2022 से शुरू की जा रही है। प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी अपने विभागों में सभी मूल प्रमाण पत्रों और उसकी फोटो कॉपी के साथ संबंधित विभागाध्यक्ष से संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश के संबंध में अन्य सूचनाएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने कहा कि मीडिया के क्षेत्र में नौकरी की अपार संभावनाएं हैं। किसी भी विषय से स्नातक विद्यार्थी एमए जनसंचार में प्रवेश ले सकते हैं। मीडिया के क्षेत्र में संपादकीय के अतिरिक्त प्रोडक्शन, विज्ञापन, मार्केटिंग, जनसंपर्क, इवेंट मैनेजमेंट और मीडिया मैनेजमेंट के क्षेत्र में विद्यार्थी अपना कैरियर तलाश सकते हैं। विद्यार्थी को कोर्स करने के दौरान ही नौकरी मिल जाए इसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न कंपनियों को प्लेसमेंट के लिए विश्वविद्यालय में बुलाया भी जाता है।

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पंचहटिया एवं मेडिकल कालेज का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : मा० प्रमुख सचिव, प्रशासनिक सुधार विभाग एवं लोक सेवा प्रबन्धन विभाग, उ०प्र० शासन के० रविन्द्र नायक द्वारा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पंचहटिया एवं मेडिकल कालेज का निरीक्षण किया गया। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निरीक्षण में पाया कि 14 नालो को ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ा जाना है, जिसमे अभी सिर्फ 01 को जोड़ा गया है जिसपर प्रमुख सचिव द्वारा निर्देश दिया गया कि शेष नालो को 01 महीने के अंदर जोड़ कर के पूरी क्षमता के साथ चलाये। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि पानी की जांच करा ले ताकि पानी का उपयोग फलों, सब्जियों के उगाने में किया जा सके। मेडिकल कालेज के निरीक्षण के दौरान ऐकडेमिक, एडमिनिस्ट्रेशन भवन के विभिन्न कक्षो, लैब का विस्तार से निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण में पाया कि इलेक्ट्रिक विंग में एसी का कार्य नही करने से ओ.पी.डी स्टार्ट नही हुआ है जिस पर इलेक्ट्रॉनिक विंग के प्रोजेक्ट मैनेजर को सख्त निर्देश दिया कि सभी प्रकार की व्यवस्था पूर्ण कर ओपीडी जल्द से जल्द शुरू कराई जाए। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड को भी जल्द से जल्द शुरू करने के

निर्देश दिए। मेडिकल बोर्ड के आने से पहले सभी प्रकार के आवश्यक कार्य पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने राजकीय निर्माण निगम के आर.ई. आर के सिंह को कड़ी चेतावनी दी कि शेष कार्य जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बी.बी सिंह, मेडिकल कालेज के प्राचार्य शिवकुमार एवं कार्यदाई संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पुलिस लाइन जौनपुर सभागार कक्ष में आयोजित विदाई समारोह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक–31.08.2022 को पुलिस लाइन जौनपुर सभागार

कक्ष में आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर, डां संजय कुमार द्वारा पुलिस विभाग से आज अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हो रहे 07 पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को शाल व दीवाल घड़ी देकर सुखमय, मंगलमय एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामना देते हुए विदाई दी गयी।

कानून व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाये रखने हेतु किया गया पैदल गश्त

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक–31.08.2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय साहनी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर,

डां संजय कुमार द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र में कानून व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत प्र0नि0 कोतवाली, श्री सतीश कुमार सिंह व भारी पुलिस बल के साथ भीड़–भाड़ वाले क्षेत्र मे पैदल गस्त कर जनता के साथ संवाद कर सुरक्षा का एहसास दिलाया गया।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

पंजीकरण के बिना चल रहे अस्पतालों पर होगी कार्यवाही

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद में बिना पंजीकरण के चल रहे निजी अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटर के खिलाफ कार्रवाई होगी। इनका संचालन रोकने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डा लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय है। साथ ही जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर तहसील स्तरीय डाक्टरों की टीम भी बनाई गई है। इस टीम का उपजिलाधिकारी (एसडीएम) तथा पुलिस प्रशासन सहयोग कर रहे हैं। टीम पर आवंटित तहसीलों में निजी अस्पतालों/डायग्नोस्टिक सेंटरों की जांच करने की जिम्मेदारी है। मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डा लक्ष्मी सिंह ने बताया कि जांच में अवैध संचालन करते पाए जाने पर टीम ही संबंधित अस्पताल के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करेगीध। स्वास्थ्य विभाग किसी भी स्थिति में बिना पंजीकरण के निजी अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटरों का संचालन नहीं होने देगा। पंजीकरण के लिए इनकी जरूरतः उन्होंने बताया कि निजी अस्पताल/डायग्नोस्टिक सेंटर चलवाने या नवीनीकरण करवाने के लिए बायोमेडिकल वेस्ट का प्रमाणपत्र जरूरी है। पोल्यूशन बोर्ड का सर्टिफिकेट, अग्निशमन प्रमाणपत्र तथा मानव संसाधन के लिए शपथपत्र भी साथ में लगाना पड़ता है। इसके बिना किसी भी स्थिति में पंजीकरण/नवीनीकरण मान्य नहीं है। अभी तक की स्थितिः उन्होंने बताया कि 45 निजी अस्पतालों को नोटिस जारी की गई है। एक अस्पताल को सील करते हुए एफआईआर किया गया है। एक मई 2021 से 30 अप्रैल 2022 तक कुल 336 अस्पतालों का पंजीकरण किया गया है। एक मार्च 2022 से 30 अगस्त 2022 तक 138 अस्पतालों/क्लीनिकों/पैथालॉजी/डायग्नोस्टिक सेंटरों का पंजीकरण किया गया। एक अप्रैल 2022 से 30 अगस्त 2022 तक अस्पतालों/डायग्नोस्टिक सेंटरों के लिए कुल 243 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। एक मई 2021 से 30 अप्रैल 2022 तक मिले 193 फार्म जांच प्रक्रिया में हैं। उनका परीक्षण चल रहा है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण होने पर इनका पंजीकरण/नवीनीकरण पूर्ण कर दिया जाएगा।

हरितालिका व्रती महिलाओं द्वारा अपने सुहाग के लम्बी उम्र हेतु की गई कामना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के विभिन्न शिवालयों में हरि तालिका व्रती महिलाओं ने बाबा भोले शंकर की स्तुति करके अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना की. इस अवसर पर शिवालयों को बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया गया था, खुटहन तिराहे पर स्थित महादेव मंदिर पर व्रती महिलाओं को हरि तालिका व्रत के महात्म्य को बताते हुए मंदिर के पुजारी ने कहा कि इस व्रत को सर्वप्रथम माता पार्वती ने शंकर जी को पति रूप में प्राप्त करने के लिए किया था. यह एक ऐसा व्रत है जो सुहागन के साथ साथ कुँवारी कन्याएँ भी रह सकती है, शिव जी को प्रसन्न करने के लिए प्रत्येक व्रती महिला को

हे गौरीशंकर अर्धांगिनी
यथा त्वां शंकर प्रिया
तथा माम कुरु कल्याणी
कान्तंकांता सु दुर्लभं

इस मंत्र का जाप अवश्य करना चाहिए इससे भगवान शंकर और माता पार्वती प्रसन्न होकर मनवांक्षित वर देते हैं. पुजारी जी ने बताया कि यह बहुत ही कठिन व्रत है इसे रखने वाली स्त्रियों को पुरा दिन निराजल रह कर शाम के समय पूर्ण श्रृंगार करके, सुंदर वस्त्र धारण करना चाहिए तथा शुद्ध मन कर्म से किसी शिव मंदिर में पूजा अर्चना करके अपने पति की लम्बी आयु की कामना के साथ परिवार में सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना करनी चाहिए. ऐसा करने से माता पार्वती के समान सुख प्राप्त होता है । नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित राधाकृष्ण मंदिर के बगल में स्थित महादेव मंदिर पर भी व्रती महिलाओं का हुजुम देखने को मिला जहाँ पर व्रती महिलाएँ भगवान शंकर को अर्ध्य अर्पित करके अपने व्रत का पारन कर रही रही थी।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

आत्मानुभूति की शक्ति मन की विनाशकारी आदतों को बदलनें का चमत्कार कर देती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

विध्वंस से उठे गुबार : भ्रष्टाचार पर कार्यवाही के मायने

अगस्त का आखिरी रविवार एक खास कारण से यादगार रहेगा, क्योंकि उसी दिन सुपरटेक द्वारा बनाए गए ट्विन टावरों को कुछ ही सेकेंडों में ध्वस्त कर दिया गया। इन टावरों के निर्माण में कानूनों के घोर उल्लंघन के बारे में वर्षों से काफी कुछ लिखा गया है। वर्ष 2005 में, नोएडा प्राधिकरण ने एमराल्ड कोर्ट के निर्माण के लिए भवन योजना को मंजूरी दी, जिसमें 14 टावर शामिल हैं, प्रत्येक में भूतल और नौ मंजिल (जी. 9) हैं। जून 2006 में नियमों में संशोधन किया गया और नए नियमों के तहत, 2006 के बाद नए आवंटियों के लिए फ्लोर एरिया रेश्यो (एफआरए) 1.5 से बढ़ाकर 2 कर दिया गया था।

दिसंबर 2006 में प्राधिकरण ने एमराल्ड कोर्ट के लिए पहली संशोधित योजना को मंजूरी दी, जिसके परिणामस्वरूप इमारतों में नौ से 11 मंजिल को मंजूरी मिल गई। सुपरटेक को भी दो अतिरिक्त इमारतों (टावर 15 एवं 16) और एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लिए मंजूरी मिली। छह साल बाद, 2012 में नोएडा प्राधिकरण ने नई योजना की समीक्षा की, जिसमें जुड़वां टावरों की ऊंचाई 40 मंजिल तय की गई थी। दो साल बाद, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पहली बार भवन नियमों के उल्लंघन के लिए 2014 में इन टावरों के विध्वंस का आदेश दिया।

पिछले आठ वर्षों में इसके बिल्डर पुनर्विचार की उम्मीद में इन्हें गिराए जाने में देरी करने में कामयाब रहे। अंततः 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने इन टावरों को ध्वस्त करने का आदेश दिया, क्योंकि इनके निर्माण में न्यूनतम दूरी का ख्याल नहीं रखा गया था। अदालत के अनुसार, उत्तर प्रदेश अपार्टमेंट अधिनियम के तहत व्यक्तिगत फ्लैट मालिकों की जरूरी सहमति के बिना इमारतों को अवैध रूप से बनाया गया था। मुख्य मुद्दा दो टावरों के बीच की दूरी भी थी, जो दो टावरों के बीच आवश्यक न्यूनतम 16 मीटर की दूरी से कम थी।

नियमों के उल्लंघन के लिए बिल्डर को दोष देना आसान है। हालांकि सभी रियल एस्टेट से संबंधित मामलों की तरह एमराल्ड कोर्ट की कहानी आज जो दिख रहा है, उससे कहीं अधिक व्यापक है। शहरीकरण और शहरी क्षेत्रों में आवास की बढ़ती आवश्यकता के नाम पर बिल्डरों के हितों के अनुरूप बिल्डिंग बायलॉज और निर्माण नियमों को बदला, जोड़ा और संशोधित किया गया है। पूरा दिल्ली–एनसीआर क्षेत्र ऐसे मामलों से भरा पड़ा है, जहां भोले–भाले और यहां तक कि कई पढ़े–लिखे लोगों ने बिल्डरों और दलालों द्वारा बेचे गए फ्लैट लालच में खरीद लिए।

भारतीय रियल एस्टेट उद्योग में सड़ांध गहरी है। हालांकि सुपरटेक ने दो ध्वस्त इमारतों के तहत अनुमानतः कम से कम 1,000 करोड़ रुपये गंवाए हैं, लेकिन यह ऐसा कुछ नहीं है, जिससे कुछ भी बदलाव आएगा। कई अन्य बिल्डरों के विपरीत, जो प्रोजेक्ट की घोषणा के बाद गायब हो गए और यहां तक कि अधूरे भवन निर्माण के बाद खरीदारों को अधर में छोड़ दिया या कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं, जिम्मेदार लोग अब भी कानून की पकड़ से बाहर हैं। चालीस मंजिला इमारत रातोंरात नहीं बन गई, इन जुड़वां टावरों को बनाने में सुपरटेक को पांच वर्ष लगे।

प्रोजेक्ट के 14 अन्य टावरों के निवासियों, अधिकारियों और यहां तक जिम्मेदार नागरिकों को भी निर्माण की जानकारी थी। मामले को अदालतों में ले जाने से पहले रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सुपरटेक से परियोजना को बंद करवाने का प्रयास किया। शर्मनाक बात यह है कि जिस न्यूनतम दूरी के उल्लंघन के लिए टावरों को ध्वस्त किया गया, उसका पालन अब भी नहीं हो रहा है। इसका मतलब है कि अगर दो टावरों के बीच कुछ और ज्यादा दूरी होती, तो उन्हें ध्वस्त नहीं किया जाता।

कोई भी बिल्डर प्राधिकरण की मिलीभगत के बिना ऐसा नहीं कर सकता, जो परियोजना की गुणवत्ता और प्रगति की निगरानी के लिए जवाबदेह है। इसलिए यह आरोप गलत नहीं है कि नोएडा प्राधिकरण के जिन लोगों की निगरानी में यह पूरा ढांचा खड़ा हुआ था, वे भी किसी न किसी तरह इसमें शामिल थे। आम आदमी के हित में काम करने वाली संस्थाओं के कामकाज को प्रभावी बनाने के क्या उपाय हैं? अधिकारियों की निष्क्रियता और खराब कार्यप्रणाली को रोकने का एक तरीका उनके कार्यों में जवाबदेही लाना है।

बिल्डर द्वारा भवन कानूनों के किसी भी उल्लंघन के लिए उन्हें जवाबदेह होना चाहिए और ऐसा करने में कोई भी विफलता उनके काम न करने के बराबर है। प्रशासन और सरकार की भूमिका कानून को बनाए रखने और लोगों के हितों की रक्षा में विफलता का संकेत देती है। कानून के उल्लंघन के इस मामले को नोएडा प्राधिकरण ने नहीं उठाया था, बल्कि इसे शेष 14 टावरों के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन अदालत में लेकर गया था। अदालतों में दृढ़ता से उनके खड़े रहने के कारण टावरों का विध्वंस हुआ।

यदि प्रशासन ने अपना काम किया होता, तो उन्हें विरोध प्रदर्शन करने और अदालत जाने की जरूरत नहीं पड़ती। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित इन जुड़वां इमारतों के विध्वंस ने एक सख्त संदेश दिया है, लेकिन इसमें काफी देर लगी। भारत जैसे देश में हम कचरों का जोखिम नहीं उठा सकते, लेकिन इन टावरों के विध्वंस ने कचरों में इजाफा किया है। अब सबसे बड़ी चुनौती इन 80,000 टन मलबे के निष्पादन की है, जो पर्यावरण के लिए बहुत नुकसानदेह हो सकता है। इन दोनों टावरों के विध्वंस से पहले कई साल मुकदमेबाजी में बीत गए, इस दौरान सरकार इन दोनों ढांचों से ज्यादा से ज्यादा सामग्री को सुरक्षित रूप से पुनर्प्राप्ति के तरीकों पर काम कर सकती थी और संभव होता, तो इसका इस्तेमाल कर सकती थी।

अब चर्चा इस बात की हो रही है कि कैसे ध्वस्त इमारतों के मलबे को कचरा प्रबंधन स्थल तक पहुंचाया जाए और उसका इस्तेमाल किया जाए। तथ्य यह है कि प्राधिकरण को मलबे को साफ करने के लिए बहुत से सफाईकर्मियों को लगाना पड़ा, जो दर्शाता है कि अब चर्चा भवन कानूनों के उल्लंघन के बारे में नहीं हो रही है, बल्कि इमारतों को ध्वस्त करने और आसपास के क्षेत्रों में सफाई की लागत के बारे में हो रही है। घर खरीदारों के लिए सबक यह है कि उसी घर के लिए भुगतान करें, जो रहने के लिए तैयार है और संबंधित अधिकारियों से जिसे सभी आवश्यक मंजूरी मिल गई है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

पूर्व ग्राम प्रधानों पर दर्ज हुई एफआईआर

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भरावन, सुरसा, बावन, टड़ियावां के 141 तत्कालीन प्रधान और 41 सचिव अब कार्रवाई के घेरे में आए हैं। इन प्रधानों के खिलाफ कार्रवाई के लिए विजिलेंस ने लखनऊ में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई है। अगर जांच एजेंसी तह तक जाती है तो वे चेहरे भी उजागर होंगे जिनके इशारे पर घोटाले को अंजाम दिया गया था।

बावन ब्लॉक के तत्कालीन प्रधान

बरखेरा के नरेश पाल सिंह, बलेहरा की मायादेवी, लोनार की मुन्नी देवी, सकाहा के आदित्य कुमार सिंह, पलिया कोइलहा के श्याम सरोज, मानपुर की रामवती, गदाईपुर के अरविंद कुमार सिंह, दुलापुर उचौली की मुन्नी देवी, भीखपुर के मुनेश्वर प्रसाद, करनपुर के राजेश कुमार सिंह, मिरकापुर की पूनम देवी, बघौरा मल की चमेली, रामपुर छैया के राम प्रकाश, सुहेड़ी के गुरुलाल सिंह, मानीमऊ की ऊषा रानी, रारा की मीनू सिंह, नयागांव हबीबपुर के अभिषेक वाजपेयी, कौंढ़ा की कृष्णा देवी, गुलामऊ की गीता, फूलबेहटा के भगवान पाल, ककवाही के श्रवण कुमार, अनंगबेहटा के कमरूल, महोलिया शिवपार के गोविंद सिंह, भरिगवां की रानी, बन्नई की ओमवती, खुमारीपुर के अवधेश कुमार, सकतपुर के विपिन कुमार, मझरेता की विषता देवी, भिठारी की मंशा देवी, मुजाहिदपुर की गुंजन, नयागांव के विष्णु कुमार पांडेय, हुसैनपुर सहोरा छुटकौनू, बबनापुर की प्रेमलता, बजेहरा की कमला देवी, गइधरा के श्याम लाल, गंगौली के राजेंद्र, जगदीशपुर की रामश्री, बरेला तिगावां की कांता देवी, शेखपुर सरिया की फूलमती, चंदरसीपुर सहिजना की विमला देवी, पकरी के विजय पाल, सोनेपुर के करनवीर, जिलगांव के शिव सिंह, महरेपुर की रामरानी, बरवन की पारूल सिंह, बाजपुर नकटौरा के सरजू, दुलापुर तिगावां के रामपाल सिंह, मत्तीपुर के सतेंद्र प्रताप सिंह, अल्लीपुर के प्रेम चंद्र राठौर, बेहटा सधई के अमित प्रताप सिंह, बिसकुला के सुभाष चंद्र, बेहटी के शिव करन पाल, तत्यौरा की पूनम सिंह, कोर्रिया की निर्मला यादव, सकरा के महेंद्र पाल सिंह, पुरौरी की सुशीला, नेवादा चौगवां के आकाश सिंह, एजा के अलख पाल, औहदपुर डभेलिया के बाबूराम, बेहटा धीरा के राजीव कुमार सिंह, बेहटा गोकुल के चेता, सहिजना के अरुण कुमार, कुंवरपुर की सुमन देवी, उधरनपुर के प्रदीप सिंह, जटौली की राजरानी के साथ ही वीरपाल।

टड़ियावां ब्लॉक के तत्कालीन प्रधान

पुरवा देवरिया के अरविंद कुमार, अलीनगर की कुंती पाल, सैथामऊ के कन्हई उर्फ कन्हैया लाल, नानक गंजग्रंट की ममता राठौर, बर्रा सरॉय के विजय सिंह, सखौरा के बालकराम, आदमपुर के कन्हैया लाल, महमदपुर की रेशम, काला आम के अशोक कुमार, साखिन रमुआपुर की प्रमिला सिंह, जगरौली के देशराज, जयराजपुर की कमला, भौता कमालपुर के सर्वेश कुमार, हरिहरपुर की प्रेमवती, गुलरिहा के विक्रम, सिंघौना की प्रेमलता, देबिया फत्तेपुर की अनीता सिंह, गौरा डांडा के कृष्णपाल सिंह, बहर की सीमा सिंह, आशा की कुसुमा सिंह, बोझवा की अंजू वर्मा, सारीपुर छछेटा की जगरानी, भैंसरी की शशी सिंह, थोक खाला की सुनीता देवी, पूरा बहादुर की अर्चना, बरगावां अहरापुर के ओम प्रकाश, दानियाल गंज के मानसिंह, जपरा की इंद्राणी, लिलवल के विद्यासागर, शिवरी की राम लली, नन्हें की अनीता, रावल की सरस्वती, अयारी की पूजा कटियार, लालपुर भैसरी की ऊषा, हर्रई की सहीना बेगम, बहोरवा की अंजली, बरौली के राम विलास, निबुआई की बिटानश्री, खेरवा दलौली के महेश पाल, अलीसा बाग के विनोद कुमार, नरायणपुर ग्रंट की रामश्री, सड़िला की ब्रजरानी, परसनी के श्यामलाल, बेहटा चांद की गुड़िया गौतम, कोटरा के मदनपाल, सेमरौली की बिटौली।

भरावन ब्लॉक के तत्कालीन प्रधान

गोड़वा खेम के जसवंत, महीठा की कुसुम, वृंदावन की नूरजहां, सुआगाड़ा तिगावां के होरीलाल, लोधौरा के राजाराम मिश्रा, हड़हा के अवध नरेश, कौड़िया की नीलम देवी, एराकाकेमऊ के रामेश्वर, पवायां की कल्पना, डांडा के छोटेलाल।

इन ग्राम सचिवों पर भी हुई एफआईआर

नीरज कुमार, लाल बहादुर, पालसा देवी, श्रीश मिश्रा, सतेंद्र कुमार शर्मा, प्रेमपाल, रिजवान अली, नाजो जुल्फिकार, श्रीशचंद्र वाजपेयी, लक्ष्मी नारायण, मोहित पाठक, शशिकांत द्विवेदी, अंकिता सिंह, आकांक्षा सिंह, प्रवीन कुमार, केशव शुक्ला, नरेंद्र कुमार, रविकांत, अभिनव मेहरोत्रा, सर्वेश कुमार, अभयराज, सुनीता वर्मा, दीक्षा त्रिपाठी, कौशलेंद्र कुमार, शूलपाणि मिश्रा, अमित पांडेय, रामकृष्ण, संजीव कुमार त्रिपाठी, अरविंद कुमार, शिव प्रकाश, राहुल सिंह, सुनील पाल, अनुज कुमार, अजय मिश्रा, अंकिता दीक्षित, राजवीर सिंह, लाल बिहारी, पूनम राज वर्मा, नेहा चौरसिया, प्रवीन कुमार, अमर सिंह शामिल हैं।

भाजपा कार्यालय के बाहर आत्मदाह करने वाले युवक की मौत : सिविल अस्पताल में चल रहा था इलाज

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज इलाके के रहने वाले पूर्व संविदाकर्मी बलराम तिवारी की बुधवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ठाकुरगंज इलाके में रहने वाले बलराम ने भाजपा कार्यालय के सामने आग लगा ली थी उसके बाद से सिविल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। वहीं, पुलिस ने इस मामले में मकान मालिक समेत तीन के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, बलराम बिजली विभाग में संविदाकर्मी था। बलराम की पत्नी सोनिया ने मकान मालिक मनीष पाल पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था साथ ही आम्रपाली चौकी इंचार्ज रमापति पर शिकायत नहीं सुनने का भी आरोप लगाया था। यूपी विधानभवन के सामने भाजपा कार्यालय के गेट नंबर दो के पास शुक्रवार रात बलराम ने आत्मदाह कर लिया था जिसमें वह 60 फीसदी से अधिक जल गया था। सिविल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था।

बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। सोनिया के मुताबिक, करीब पांच महीने पति की नौकरी छूटने से किराया नहीं दे पा रहे थे। नौ हजार रुपये बकाया था। कर्ज लेकर छह हजार रुपये मकान मालिक मनीष को दिया था, बाकी तीन हजार के लिए वह दबाव बना रहा था। मोहलत मांगने पर अभद्रता करता था। पुलिस से शिकायत की तो कार्रवाई नहीं की गई। परेशान होकर आत्मदाह कर लिया।

स्कैनिंग के बाद ही बिक्री हो सकेगी मदिरा

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी ने अवगत कराया है कि प्रशासन एवं आबकारी विभाग की अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर पूर्ण अंकुश लगाये जाने व निर्धारित राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष शत–प्रतिशत राजस्व की प्राप्ति सुनिश्चित करने एवं जनपद के समस्त थोक एवं फुटकर देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर एवं माडलशाप पर मदिरा की बिक्री पोस मशीन से किये जाने हेतु आबकारी निरीक्षकों एवं जनपद के मदिरा अनुज्ञापियों के साथ अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त माफियाओं/तस्करों के विरूद्व कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक अथवा आबकारी विभाग को सूचना उपलब्ध कराया जाय। राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गों पर स्थित ढाबों, जहां अल्कोहल के टैंकर प्रायः रूकते है, की सूचना जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक अथवा आबकारी विभाग को सूचना उपलब्ध कराया जाय। संदिग्ध व्यक्तियों/विक्रेताओं एवं दुकान के अवशेष सामग्री के क्रेताओं की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए उनकी गतिविधियों की सूचना जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक अथवा आबकारी विभाग को सूचना उपलब्ध कराया जाय। थोक अनुज्ञापन/फुटकर अनुज्ञापनों पर लगे हुए सी.सी.टी.वी. कैमरा प्रत्येक दशा में 24 घंटे संचालित रखा जाय। प्रतिदिन देशी शराब, विदेशी मदिरा एवं बीयर के उठान को देखना तथा कम उठान वाली दुकानों के कारणों के बारे में आबकारी विभाग को सूचना देना, तद्नुसार निस्तारण कराया जाय। राजस्व प्राप्ति के परम्परागत श्रोतों के अतिरिक्त अन्य श्रोतों से राजस्व प्राप्त करने हेतु होटल/रेस्टोरेन्ट बार की नई नियमावली के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए नियमानुसार आवश्यक अर्हता प्राप्त कर अनुज्ञापन प्राप्त किया जाय तथा अन्य लोगों को भी उक्त अनुज्ञापन लेने हेतु प्रेरित किया जाय। समस्त थोक/फुटकर अनुज्ञापनों पर 03 सितम्बर 2022 की बिक्री के पश्चात् अवशेष बची मदिरा को पोस मशीन के माध्यम से स्टाक में लेते हुए 03 सितम्बर 2022 तक प्रत्येक दशा में स्टाक इन करने तथा 04 सितम्बर 2022 से मदिरा प्राप्ति हेतु लगने वाले इण्डेट/मॉग पत्र, मदिरा की प्राप्ति एवं उसकी निकासी/बिक्री आदि की समस्त प्रक्रियाओं को प्रत्येक दशा में च्वै मशीन द्वारा ही विभागीय दिशा निर्देशों के अनुसार समयान्तर्गत सम्पादित किया जाय। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देश के उपरान्त प्रत्येक मदिरा की दुकान से स्कैनिग के पश्चात् ही शराब की बिक्री की जा सकेगी। इसके लिए प्री पायलट योजना जनपद में लागू की जा रही है। जिले में समस्त देशीशराब, विदेशीमदिरा एव बीयर के सभी थोक अनुज्ञापनों पर उक्त तिथि से शराब की निकासी पोस मशीन के माध्यम से ही की जायेगी। फुटकर दुकानों के संबंध में जिला आबकारी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि इस समय जनपद में देशी शराब की 277 दुकानें वही विदेशी मदिरा की 107 तथा बीयर की 100 दुकानें व माडलशाप की 01 दुकान संचालित है जिनपर 04 सितम्बर 2022 से पोस मशीन से स्कैन कर बिक्री लागू की गयी है। अभी तक की व्यवस्था में दुकान पर स्टाक रजिस्टर की व्यवस्था रहती थी। इसके लिए काफी समय से अनुज्ञापियों/सेल्समैनों को पोस मशीन से संबंधित कम्पनियों के तकनीकी कर्मियो द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा था। यदि कही पर कोई समस्या आती है तो पूरे जनपद में ब्लाक वार कर्मियों की तैनाती की गयी है जिससे न्यूनतम समय में समस्या का निस्तारण हो सके।

प्रदेश में नशे के विरुद्ध महाअभियान –मृत्युंजय दीक्षित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : विश्व संवाद केन्द्र के समीक्षक मृत्युंजय दीक्षित के अनुसार आजादी के बाद उत्तर प्रदेश के इतिहास में पहली बार नशे के खिलाफ एक महाअभियान आरम्भ किया गया है जिसकी हर जगह प्रशंसा और स्वागत हो रहा है। नशे के विरुद्ध इस अभियान की निगरानी स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर रहे है और इसका प्रभाव सामने आने लगा है। प्रदेश में बढ़ रहे अपराधों के पीछे एक बड़ा कारण युवाओं का नशे की ओर बढ़ता झुकाव भी है। अधिकांश छोटे –बड़े अपराधों में गांव शहर कस्बों व गलियों तथा पार्कों में बैठकर नशे का धुआं उड़ाने वाले , स्मैक चरस गांजा आदि का इस्तेमाल करने वाले लोग ही शामिल होते हैं जो अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिन्होंने प्रदेश में रामराज्य की स्थापना का संकल्प लिया है अब प्रदेश के युवाओं को नशे व अपराधों की दुनिया से मुक्ति दिलाने के लिए चल पड़े हैं । अभी तक यह अभियान बैनर पोस्टर लगाने और नशे के विरुद्ध प्रचार तक ही सिमटा हुआ था जिसके कारण समस्या कम होने के बजाय बढ़ती चली जा रही थी । अब प्रदेश में मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) का गठन किया गया है। नशे के कारोबारियों की संपत्तियां जब्त किए जाने के साथ ही उनके पोस्टर सार्वजनिक स्थानों चौराहों पर चस्पा करने का निर्देश जारी किया गया है। नशीले पदार्थों कि कमाई से जुटाई गई संपत्तियों पर बुलडोजर भी चलेगा। एएनटीएफ प्रदेश की सीमाओं पर गोवंश की तस्करी पर भी शिकंजा कसेगा। इसके अतिरिक्त प्रदेश सरकार ने युवाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रदेश की सभी शिक्षण संस्थाओं के पास लबगने वाली तंबाकू व पुड़िया बेचेने वाली सभी दुकानों को हटाने का दिशा निर्देश भी जारी किया है और साथ ही सभी स्कूलों में छात्रों को तंबाकू के खिलाफ जागरूक किया जाएगा जिसमें उन्हें तंबाकू व अन्य नशीली सामग्री के सेवन से होने वाले शारीरिक था मानसिक दुष्प्रभाव के विषय में जानकारी दी जाएगी। एएनटीएफ को के लिए पूरे प्रदेश को तीन क्षेत्रों पश्चिम, मध्य व पूर्व में बांटा गया है। हर क्षेत्र के प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक होंगे। एएनटीएफ फोर्स ने मादक पदार्थों और अवैध शराब की मांग को कम करने के लिए संबिधत एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर काम करना आरम्भ कर दिया है। मादक पदार्थों का सेवन कम करने के लिए लोगों को जागरूक भी किया जाएगा। इस अभियान में प्रथम चरण में 250 तेज तर्रार अफसरों को लगाया गया है। यह फोर्स पड़ोसी राज्यों के साथ

समन्वय बनाकर काम करेगी। पड़ोसी राज्यों की सीमा से जुड़े जिलों की पुलिस की भी सक्रियता बढ़ाई जाएगी। फोर्स को पहली बार मादक पदार्थों व अवैध शराब के जब्तीकरण,एफआईआर पंजीकरण व विवेचना की शक्तियां प्राप्त होंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जन सामान्य से अपील की है कि नशे के सौदागरों के खिलाफ जो जो अभियान चल रहा है उसमें समाज के प्रत्येक नागरिक को अपनी भागीदारी दिखानी होगी क्योंकि यह युवाओं के साथ –साथ देश को बचाने का अभियान है। जहरीली शराब हो या फिर किसी भी प्रकार के ड्रग्स यह युवा पीढ़ी को बर्बाद करने का षड्यंत्र है जिसे अभियान चलाकर समाप्त करना होगा। मुख्यंमत्री का कहना है कि हमारा युवा इस अभियान का हिस्सा बने। किसी भी नशे के खिलाफ हमें मिलकर लड़ना होगा। नशे के कारोबार को राष्ट्रीय अपराधी के आधार पर अपराधी घोषित करते हुए सरकार की ओर से सजा दिलाएगी। मुख्यमंत्री के कड़े निर्देशों के बाद पुलिस ने मादक पदार्थों के तस्करों की काली कमाई से जुटाई गई संपत्तियों को जब्त किए जाने की कार्रवाई तेज कर दी है। 29 अगस्त तक तस्करों की 14.79 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की है। अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 4060 आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया है। अभी तक मादक पदार्थों के तस्करों के विरूद्ध 606 मुकदमे दर्ज किए गए हैं और 675 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है तथा 8.60 करोड़ से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गये हैं। नशा आज के समाज में दीमक की तरह युवाओं को बर्बाद कर रहा है। हर गली व नुक्कड़ तथा पार्कों में नशे का धुआं उड़ाते हुए लोग मिल जाएंगे। सरकार की ओर से पहली बार यह ठोस कदम उठाया गया है लेकिन यह तभी सफल हो पाएगा जब यह जनआंदोलन बनेगा जिस प्रकार से स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन बनाया गया , हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया उसकी छटा अनुपम हो गई थी और हर युवा के हाथों में तिरंगा तथा जिहवा पर भरतमाता की जय के नारे गूंज रहे थे। जब यह अभियान भी उसी लय और ताल में चलेगा तब नशामुक्ति अभियान का संकल्प पूरा हो सकेगा। नशे के खिलाफ समाज को जागरूक करने की आवश्यकता तो है ही साथ ही नशे का सामान जहां से आता है वह स्रोत तथा उसके आने के सभी मार्ग हमेशा के लिए बंद करने होंगे। प्रदेश के जंगलों में ही अवैध शराब की फैक्ट्रियां चल रही हैं जिन्हें राजनैतिक दलों व दबंगों के आकाओं का समर्थन हासिल है। जब किसी जगह पर जहरीली शराब के पीने से लोगों की मौत हो जाती है तब पुलिस कार्यवाही और छापे पड़ते हैं। सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि नशे के कारोबारी अदालत में जाकर बचने न पाए। यह लोग बड़ी आसानी से बहाने बनाकर अदालत से जमानत पा जाते हैं और बाहर आकर पर फिर अपने काम में लग जाते हैं। पिछली सरकारों ने भी एक बार प्रदेश में पान मसाला और पुडिया आदि बेचने पर रोक लगा दी थी लेकिन सब टांय दृटांय फिस्स हो गया। नशे का कारोबार पान की दुकान से भी चलता और केमिस्ट की दुकान से भी, हर गली व हर दूसरे घर में नशे का कारोबारी भी मौजूद है और उसका सेवन करने वाले लोग भी अतः सरकार का यह कदम स्वागत योग्य तो है किंतु यह सतत चलने वाली प्रक्रिया के रूप में होना चाहिए जो किसी भी हालत में धीमी ना हो । यदि रामराज्य के संकल्प काल में भी अपराधियों व नशे के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई तो जनमानस को निराश होगा।

गगहा इलाके में तीन हत्या के अभियुक्त युवराज पर रासुका : 20 दिन के भीतर हुई थीं तीनों हत्याएं

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के गगहा इलाके में मार्च 2021 में 20 दिन के भीतर तीन हत्याओं के आरोपी राज उर्फ युवराज सिंह पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस की रिपोर्ट पर डीएम ने सोमवार रात इसकी संस्तुति कर दी। एक आरोपी सन्नी सिंह पर आठ मई 2022 को रासुका लगाया जा चुका है। दोनों आरोपी वर्तमान में जेल में हैं। अभियुक्त राज उर्फ युवराज सिंह गगहा के ठठौली मंगल बाजार गांव का मूल निवासी है। जानकारी के मुताबिक, 2013 में हुए एक व्यापारी परिवार के तीन लोगों की हत्या की पैरवी करने पर 10 मार्च 2021 को रितेश मौर्या की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड की पुलिस जांच कर ही रही थी कि 20 दिन बाद ही 31 मार्च को व्यापारी शंभू मौर्या व उनके कर्मचारी संजय पांडेय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में सन्नी सिंह, युवराज सिंह सहित अन्य आरोपियों को जेल भेजा और बाद में गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस की रिपोर्ट पर सन्नी सिंह पर रासुका लगाया गया था। इसके बाद पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की और युवराज सिंह पर रासुका लगाने की रिपोर्ट तैयार की। रिपोर्ट पर डीएम ने रासुका की संस्तुति कर दी। 2013 में 10 रुपये की रस्सी के लिए हुआ था तिहरा हत्याकांड वर्ष 2013 में 10 रुपये की रस्सी के विवाद में सन्नी सिंह ने अपने भाई टिक्का सिंह के साथ मिलकर किराना व्यापारी सहित परिवार के तीन लोगों की हत्या कर दी थी। गोली पांच लोगों को लगी थी। दोनों भाइयों व अन्य आरोपियों को जेल भेजा गया था। पैरवी करने पर की गई फिर तीन हत्याएं तिहरा हत्याकांड में जेल में बंद होने के छह साल बाद जब दोनों भाई जमानत पर बाहर आए तो उन्होंने केस की पैरवी कर रहे वादी पर समझौते के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया था। सन्नी के आतंक से डरकर व्यापारी पुत्र ने समझौते के प्रयास तक भी पहुंच गया था, लेकिन इस बीच गगहा से जिला पंचायत सदस्य चुनाव की तैयारी कर रहे रितेश मौर्या को इसकी जानकारी हुई। रितेश ने व्यापारी को भरोसा दिया और तत्कालीन पुलिस अधिकारियों के पास उसे लेकर गए थे। पुलिस की तरफ से सुरक्षा का भरोसा दिया गया। इसी बात से नाराज होकर भाइयों ने साथियों के साथ रितेश मौर्या की गोली मारकर हत्या कर दी थी। रितेश मौर्या की हत्या को लेकर सोशल मीडिया पर अभियान चला रहे व्यापारी शंभू मौर्या की दुकान में घुसकर सन्नी और उसके साथियों ने गोली मार दी थी। इस दौरान शंभू के कर्मचारी की भी हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजवाया था। युवराज पर दर्ज हैं आठ मुकदमे आरोपी युवराज पर छेड़खानी व पॉक्सो सहित कुछ आठ मुकदमे गगहा थाने में दर्ज हैं। सबसे पहला मुकदमा 2018 में उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या, फिर छेड़खानी, पॉक्सो, बलवा मारपीट, हत्या, आपराधिक साजिश, हत्या की कोशिश सहित कई धाराओं में केस दर्ज हैं। यह होता है रासुका राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका), एक ऐसा कानून है जिसके तहत किसी खास खतरे के चलते व्यक्ति को पकड़ा जा सकता है। अगर प्रशासन को लगता है कि किसी शख्स की वजह से देश की सुरक्षा और सद्भाव को खतरा हो सकता है, तो ऐसा होने से पहले ही उस शख्स पर रासुका के तहत कार्रवाई की जाती है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने कहा कि गगहा में मार्च 2021 में दोहरा हत्याकांड और उसके पहले रितेश मौर्या की हत्या हुई थी। रितेश 2013 में हुई हत्या के पैरवीकार थे, इस वजह से आरोपियों ने घटना की थी। सभी आरोपियों को कोर्ट के जरिये जेल भेजवाने के साथ ही गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। चार्जशीट भी दाखिल है। एक आरोपी पर पहले रासुका की कार्रवाई हुई थी, अब उसके साथी पर रासुका के तहत डीएम ने पुलिस की रिपोर्ट पर कार्रवाई की है। कोर्ट से सजा दिलाने के लिए पुलिस प्रभावी पैरवी कर रही है।

गांव में जगह–जगह पसरी गंदगी : ग्रामीण परेशान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ग्राम पंचायत कुध्ुआ में पंचायत प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण गंदगी का अंबार लगा है। इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। गांव में सफाई नहीं कराए जाने से जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हैं और नाले–नालियां जाम होने से गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। गंदगी से परेशान ग्रामीण कई बार प्रधान व जिम्मेदार लोगों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन साफ सफाई पर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। गांव में गंदगी पसरी होने के कारण मच्छर पनप रहे हैं और संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं। बताया गया है कि लोगों द्वारा शिकायत करने के बाद भी ग्राम प्रध्ान द्वारा सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस कारण लोगों को कचरे के ढेरों के ऊपर से होकर निकलना पड़ता है। बरसात के मौसम में स्थिति ज्यादा खराब हो जाती है, क्योंकि कचरे में पानी भर जाने से बदबू आते रहती है। लंबे समय से सफाई नहीं कराए जाने के कारण नाले, नालियों के कचरे से अटे हुए हैं। नालियों में इतना कचरा भरा है कि पानी की निकासी नहीं हो पाती है और घरों का गंदा पानी सड़क के ऊपर होकर बहता रहता है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शासन द्वारा ग्राम विकास के लिए पर्याप्त राशि भेजी गई है लेकिन जनप्रतिनिधियों द्वारा उसका उचित इस्तेमाल नहीं किया है और सिर्फ कागजों में ही राशि का बंदरबांट कर लिया गया। सड़कों पर खुले में लोग शौच कर रहे हैं जबकि गांव में सामुदायिक शौचालय है परंतु उस पर ताला बंद है। ग्रामीणों ने बताया कि सामुदायिक शौचालय पर एक कर्मचारी की नियुक्ति भी है वह फोकट में वेतन ले रहा है। उनका कहना है कि ग्राम में फैली गंदगी को तुरंत साफ कराए जाने की मांग की है जिससे कि लोगों को संक्रमित बीमारी फैलने से बचाया जा सके। इस बाबत ग्राम प्रधान लालचंद निषाद ने बताया कि सामुदायिक शौचालय पूर्व प्रधान की देन है कि अधूरा है मैं इसमें कुछ नहीं कर सकता मुझे कुछ भी नही कहना।

पूर्व चिकित्साधिकारी से खाली कराया गया सरकारी आवास

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पूर्व चिकित्साधिकारी डॉ आर पी सिंह का स्थानांतरण सुल्तानपुर में हो जाने के बाद नए चिकित्साधिकारी डॉ राजेश कुमार की नियुक्ति हुई। नियुक्ति होने पर डॉ आरपी सिंह ने चार्ज तो दे दिया लेकिन चिकित्साधिकारी आवास को किसी कारण वश खाली नहीं किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने कई बार लिखित और मौखिक पर आवास खाली कराने के लिए कहा लेकिन पूर्व चिकित्साधिकारी डॉ आर पी सिंह द्वारा ने सरकारी आवास को खाली नहीं किया गया।चिकित्साधिकारी डॉ राजेश कुमार ने मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया कि पूर्व चिकित्साधिकारी डॉ आरपी सिंह द्वारा आवास को खाली करने में हीला हवाली की जा रही है जिसके कारण राजकीय चिकित्साकिय एवं आकस्मिक कार्य करने में कठिनाई हो रही है। सीएमओ ने पत्र को संज्ञान में लेते हुए आदेश किया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों की कमेटी बना कर पुलिस की उपस्थिति में सरकारी आवास पर लगे ताले को खोलवा दिया जाये। सीएमओ के आदेश पर मंगलवार को थाने के उपनिरीक्षक राकेश राय पुलिस बल व पीएचसी के गठन कमेटी साथ आवास का ताला तोड़कर चार्ज दिलाया गया। इस अवसर पर डॉ अभय सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शिव शंकर, वार्ड बॉय बी राम, फार्मासिस्ट कल्याण सिंह, बड़े बाबू आनंद पटेल व समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

हत्या करने के बाद फांसी पर लटकाने का मामला : पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी क्षेत्र के जरौटा (ओझापुर) गांव में विवाहिता की गला कसकर हत्या के मामले में पुलिस ने सभी पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने आरोपियों को बरसठी पानी की टंकी के पास से गिरफ्तार किया है। रविवार की शाम को संदिग्ध विवाहिता चन्दा देवी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली थी। मौके पर पहुँचे मायके वालों ने प्रताड़ित करने के साथ मारकर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस के यहां पति, ससुर, जेठ जेठानी समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।पुलिस ने शव को देर रात पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आरोप सही पाया गया।रिपोर्ट में पहले गला कसकर मारने की रिपोर्ट आयी है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर गला कसकर मारने वाली रस्सी व फांसी पर लटकी हुई साड़ी बरामद की है। थाना क्षेत्र के जरौटा (ओझापुर) गांव की महिला 30 वर्षीय चंदा देवी रविवार की शाम पांच बजे अपने कमरे का चौनल बंद करके छत पर लगे लोहे के राड के सहारे रस्सी से फांसी लगा लिया। उस समय मृतका के दो बच्चे वर्षीय प्रियांशु 7वर्ष,2 वर्षीय परी बाहर रो रहे थे। पति, जेठ, जेठानी, सब खेत मे काम करने गये थे घर पर अकेली चन्दा ही मौजूद थी।खेत से काम करने के बाद सब आये तो बच्चों को रोता देख चौनल से देखा तो चंदा फांसी पर लटक रही थी,परिजन उसके गले से फांसी लगी रस्सी काटकर नीचे उतार मायके वालों को सूचना दिया। मृतका के पिता महेंद्र कुमार पटेल निवासी सोनपुरवा, अनेई जिला वाराणसी कई लोगों के साथ मौके पर पहुँचे।ससुराल व मायके पक्ष में काफी कहासुनी होने लगी, विवाद को बढ़ता देख पुलिस को मामले की सूचना दी गयी।रात दस बजे मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि बेटी को तीन साल से ससुराल के लोग प्रताड़ित कर रहे थे पहले बेटी की पिटाई किये उसकी मौत हो जाने पर फांसी का रूप देने के लिए लटका दिये। पुलिस पति शिवशंकर पटेल, जेठ रविशंकर पटेल, ससुर बंशीधर पटेल, जेठानी संगीता, व शकुंतला के खिलाफ 302,201,147 का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के तलाश में थी कि पता चला बरसठी पानी टंकी के पास सभी लोग कही भागने की फिराक में है।प्रभारी थानाध्यक्ष संजय यादव,हमराही सिपाही के साथ पहुँच कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

6वे दिन भी प्रदर्शन जारी : बरईपार चौराहे पर खराब रोड को लेकर हो रहा है लगातार प्रदर्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय बरईपार बाजार के मुख्य चौराहे पर लोगो ने सड़क के लिए जिला प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधियों से लोगों रोड बनवाने की की है । मछली शहर कोतवाली की बरईपार बाजार में खराब रोड को लेकर बाजार वासियों का गांव वालों को लेकर सड़क पर प्रदर्शन जारी है आज छठवें दिन गांव वालों और बाजार वालों ने मिलकर चौराहे पर प्रदर्शन किया । रोड बनवाने की शासन प्रशासन से मांग की है। ज्ञात हो कि बरईपार सुजानगंज मार्ग अत्यंत खराब और रोड में बड़े–बड़े गड्ढे हो गए हैं जिसको बनवाने के लिए पिछले 6 दिनों से रोज बाजार वासी सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन किसी के कान में जूं तक नहीं रेग रही है। विदित हो कि 1 हफ्ते पूर्व राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी लोक निर्माण विभाग मंत्री से मिली थी और उसके बाद अजय शंकर दुबे अज्जू भैया भी मंत्री से मिले थे ।उसके तुरंत बाद विधायक पंकज पटेल भी जिलाधिकारी जौनपुर से मिल चुके हैं लेकिन स्थिति जस की तस है ।रोड में गड्ढे हैं जैसे 2 साल पूर्व थे ।लोगों ने मांग की है कि जल्द से सड़क बनवाई जाए नहीं तो उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शन करने वालों में राजेंद्र यादव दिनेश यादव प्रदीप यादव शशीकांत डब्लू जायसवाल पप्पू विजय शंकर आज शामिल रहे।

यूपी में बाढ़ का कहर : 22 जिलों को घोषित किया गया बाढ़ प्रभावित

लखनऊ ब्यूरो : यूपी के कई जिलों में बाढ़ के कहर को देखते हुए प्रदेश के 22 जिलों को बाढ़ प्रभावित घोषित कर दिया गया है। इन जिलों में बाढ़ से हाहाकार की स्थिति है। बाढ़ के कारण अब तक हजारों हेक्टेयर फसलें प्रभावित हो चुकी हैं और जनजीवन अस्तव्यस्त है। बाढ़ प्रभावित जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों का पलायन जारी है। लोग गांव से सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं। बाराबंकी जिले के कोटवाधाम और गनेशपुर इलाकों में बैराजों से 2.90 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद सरयू नदी का जलस्तर लाल निशान को पार कर गया है। नदी का पानी तेजी से गांवों की ओर बढ़ने से तराई में हड़कंप मच गया है और लोग गांव छोड़ सुरक्षित स्थानों के लिए पलायन करने लगे हैं। उधर मसीना के भंवर में फंसकर तेलवारी गांव के दो और मकान नदी की धारा में समा गए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में आ गया है और तीनों तहसीलों के एसडीएम को पूरी तरह से सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने को तैयार रहने को कहा गया है। एल्गिन ब्रिज पर बने कंट्रोल रूम के अनुसार, नेपाल द्वारा शारदा बैराज से एक लाख 46 हजार तथा गिरजा बैराज से एक लाख 42 हजार क्यूसेक पानी मंगलवार को सरयू नदी में करीब तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद नदी का पानी लाल निशान को पार कर गया है। पानी गांवों की ओर तेजी से बढ़ता देख लोग सुरक्षित स्थानों के लिए निकल पड़े हैं। वहीं मसीना भंवर की चपेट में आकर तेलवारी गांव के नोखई और श्रीराम के मकान नदी की धारा में समा गए हैं। इसके अलावा सनावा, कहारन पुरवा, तेलवारी, कोठी डीहा, टेपरा, बघौलीपुरवा, सरायसुर्जन, गोबरहा, बेहटा, परसवाल, मंझारायपुर, बबुरी, घुंटरू, सरदाहा, भयकपुरवा, इटहुआपूर्व आदि कई गांवों के लोगों में बाढ़ को लेकर दहशत फैल गई है। गांव की ओर पानी आता देख स्थानीयल लोगों ने गांव छोड़कर अलीनगर–रानीमऊ तटबंध पर सुरक्षित स्थान पर पलायन शुरू कर दिया है। हालांकि तहसील प्रशासन की तरफ से कोई मदद न मिलने से बाढ़ पीड़ितों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

तीन दिन से लापता बुजुर्ग की रेलवे लाईन पर कटे हाल में मिली लाश : सीमा विवाद में उलझी रही पुलिस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वाराणसी प्रतापगढ़ रेलवे रुट पर गरियाव रेलवे फाटक के समीप सोमवार को दो बजे के आस पास कुछ गाय चराने वालो ने एक वृद्ध की रेलवे पटरी पर कटे हुए हाल में शव देखा तो उन्होंने शोर मचाया जिससे गांव के लोग जुटे तो उस वृद्ध की पहचान मुड़ाव गांव निवासी मंगरू गुप्ता (90) के रुप में हुई। इस दौरान मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए जो तीन दिन से लापता वृद्ध की तलाश में थे और उन्होने थाना पवारा में बुजुर्ग की लापता होने की तहरिर भी दिया था। इस दौरान कुछ लोगो ने जीआरपी जंघई को सूचना देना चाहा तो फोन बंद आ रहा था। परिजनों ने बिना देर किए वृद्ध का शव जिसका हाथ और पैर कट गया था। शव को समेट कर घर उठा ले गएध्। और अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं दुसरी तरफ जंघई स्टेशन पर जब पत्रकार जीआरपी इंचार्ज से मामले की जानकारी लेने पहुचे तो पता चला दो महीने से कोई इंचार्ज ही नहीं है! ना तो ब्ळ्ळ नंबर ही चालु है। इस संदर्भ में ब्ब् जीआरपी से सम्पर्क करने पर पता चला की दो दिन में वहां इंचार्ज की नियुक्ती कर दिया जाएगा। और कटे वृद्ध के मामले को जीआरपी भदोही के इंचार्ज को देखने के लिए दे दिया गया। भदोही के इंचार्ज राजेश सिंह ने मामला सिविल पुलिस का बताते हुए मुगराबादशाह इंचार्ज को सूचित किया। मुंगरा पुलिस मामला मीरगंज का बता कर पल्ला झाड़ लिया। वहीं मीरगंज पुलिस मामला मुंगरा पुलिस का बता रही हैं। जबकी गरियाव फाटक मुगराबादशाह पुलिस के क्षेत्र में आता है। इन सभी विवादों के बीच मृतक के परिजन दाह संस्कार करने के लिए शव को लेकर चले गए। और अन्तिम संस्कार कर दिया और जीआरपी मुगराबादशाहपुर मीरगंज पुलिस फोन पर ही सीमा विवाद में उलझी रही।

संतोष गुप्ता बने लक्ष्मण बाग मंदिर के अध्यक्ष : मंदिर की नई कार्यकारिणी की हुई घोषणा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के गुड़हाई मुहल्ले में स्थित लक्ष्मण बाग मंदिर पर मंदिर के नई कार्यकारिणी की बैठक सदस्यों की उपस्थिति में की गई।सर्वसम्मति से संतोष कुमार ऊमरवैश्य को अध्यक्ष के रूप में चुना गया।भोलानाथ गुप्ता, सूरज गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, गिरीश चंद गुप्ता, नमन कुमार, मनोहर गुप्ता, अनिल कुमार (भूरे) विजय कुमार (टिल्लू) ,शिवप्रसाद (बबलू) जितेंद्र कुमार गुप्ता, देवी प्रसाद गुप्त (गुड्डू),संजय गुप्ता व आशीष गुप्ता को सदस्य चुना गया। उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से चुने गए अध्यक्ष को मिठाई खिला व माल्यार्पण कर बधाई दी। इस दौरान चुने गए अध्यक्ष संतोष कुमार ऊमरवैश्य ने कहा कि सदस्यों ने जिस आशा विश्वास के साथ जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है, मैं इसे बखूबी निभाऊंगा ।लक्ष्मण बाग मंदिर परिसर में अधूरे पड़े कार्यो को भी तेजी से पूरा करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी कौशलाधीश मिश्रा, संगम लाल गुप्त, आदि लोग उपस्थित रहे।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन : होनहार छात्रों को किया गया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के कौवापार स्थित समाजवादी शिक्षण संस्थान में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे प्रतिभाग करने वाले छात्र छाताओ को सम्मानित किया गया। बता दें कि धर्मापुर क्षेत्र के कौवापार गांव स्थित समाजवादी शिक्षण संस्थान में मंगलवार को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान अनमोल यादव, द्वितीय स्थान, रानी यादव, तृतीय स्थान प्रिया पाल ने प्राप्त किया । सांत्वना पुरस्कार श्रद्धा मौर्या, रिया पाल, अंकित पाल, ने प्राप्त किया। संस्थान के संस्थापक नितेश यादव ने विजेता बच्चों को सम्मानित किया। नितेश यादव ने बच्चो को सम्मानित करते हुए कहा कि सभी बच्चों को प्रतियोगिता में हमेशा बढ़ चढ़कर पूरी ईमानदारी से भाग लेना चाहिए जिससे एक दूसरे के प्रति प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। जो बच्चे अच्छा अंक हासिल नही कर पाये है उन बच्चों को और बेहतर प्रयास की कोशिश करनी चाहिए। जिससे वह आगामी टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन कर सके। बच्चों से उन्होंने अपील किया कि पढ़ाई में प्रत्येक दिन पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। गौरतलब है कि समाजवादी शिक्षण संस्थान के माध्यम से जब से लॉकडाउन लगा है तब से अनवरत बच्चों को निःशुल्क शिक्षा एवं शिक्षण सामाग्री देने का कार्य जारी है। इस अवसर पर छोटू राजवंशी, दीपेंद्र, सपना, सुंदरी सभी अध्यापक उपस्थित थे।

डॉक्टर आशुतोष सिंह को केसरिया हिन्दू वाहिनी का माल्यार्पण कर एवं चुनरी पहनाकर दी गयी बधाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत विकास परिषद् में संगठन सचिव का निर्वहन कर रहे डॉक्टर आशुतोष सिंह को केसरिया हिन्दू वाहिनी का मंडल संयोजक वाराणसी उत्तरप्रदेश बनाये जाने पर भारत विकास परिषद् के पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर एवं चुनरी पहनाकर बधाई दी गयी।मंडल संयोजक वाराणसी उत्तरप्रदेश डाक्टर आशुतोष सिंह ने बताया कि केसरिया हिन्दू वाहिनी द्वारा दिए गए दायित्व पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर नीरज श्रीवास्तव अध्यक्ष भारत विकास परिषद् शाखा जौनपुर, अतुल जायसवाल,प्रान्तीय प्रकल्प प्रमुख, अवधेश गिरि, प्रांतीय प्रकल्प प्रमुख वनवासी सहायता एवं राहुल पाण्डेय,सह सचिव उपस्थित रहे।

04 सितम्बर 2022 को इन्दिरा गाँधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में होगी जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता

जौनपुर सू.वि. : जिला युवा कल्याण अधिकारी वैभव सिंह ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 विभाग द्वारा जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता 04 सितम्बर 2022 को इन्दिरा गाँधी स्टेडियम सिद्दीकपुर जौनपुर में आयोजित किया गया है, जिसमें एथेलेटिक्स कुश्ती, भारोत्तोलन वालीवाल एवं कवड्डी (महिला व पुरूष) खेल विधा की प्रतियोगिता होगी। विकास खण्ड स्तर की प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ी जनपदस्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन 04 सितम्बर 2022 को प्रातः 11:00 बजे राज्यमंत्री खेलकूद एवं युवा कल्याण (स्वतन्त्र प्रभार) उ0प्र0 माननीय गिरीश चन्द्र यादव के कर कमलो द्वारा किया जायेगा।

ट्रेन की चपेट में आकर पैंतीस वर्षीय युवक की मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली नगर क्षेत्र में सुबह साढ़े सात बजे फतेहगंज रेलवे क्रासिंग के समीप गाड़ी संख्या 15053 छपरा लखनऊ एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 35 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई।इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस शव विच्छेदन के लिए भेज दिया। सूत्र के मुताबिक मृतक युवक फतेहगंज निवासी बताया जा रहा है। उक्त युवक की पुष्टि आसिफ रजा के रूप में हुई। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह घटना सुबह 7:30 बजे की बताई जा रही है।जो कोतवाली नगर क्षेत्र के जीआईसी ओवर ब्रिज रेलवे क्रॉसिंग के पास घटी।एडवांस स्टार्टर सिगनल नंबर एस 2 के पास किलोमीटर संख्या 966 /11 व 966/ 10 के मध्य मृतक आसिफ रजा सन ऑफ आबिद रजा उम्र करीब 35 वर्ष निवासी निकट रेलवे लाइन दाल मंडी खुदागंज थाना कोतवाली अयोध्या का रहने वाला था।

जानिये लीडर लाइक क्वालिटी किसे कहा जाता है रीजनिंग एबिलिटी या सोचने की क्षमता

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। तर्क क्षमता उन सभी गतिविधियों का आधार है जो हम वांछित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए करते हैं। प्रत्येक कार्य उचित तर्क द्वारा समर्थित होना चाहिए अन्यथा इसे निराधार माना जाएगा। हमेशा यह सोचना चाहिए कि वांछित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए क्या किया जा सकता है। इसके अलावा, क्या उपयुक्त कार्रवाई निर्धारित लक्ष्यों की ओर सकारात्मक रूप से आगे बढ़ने में सहायता करेगा। यदि हम व्यवस्थित रूप से मुद्दों का विश्लेषण करते हैं, तो यह हमेशा सरल से जटिल समाधानों के समाधान खोजने में हमारी सहायता करेगा। इसलिए, इस नेता को गुणवत्ता की तरह बढ़ाने के लिए, हमेशा किसी भी अवलोकन के लिए तर्क की तलाश करें, पेशेवरों और विपक्षों पर चर्चा करें। अधिक से अधिक प्रश्न पूछें कि कौन, क्या, कहाँ, कैसे, कब आदि। और हमेशा कार्य करने से पहले सोचें।

सहजनवां–दोहरीघाट नई रेल लाइन बिछाने के काम में आई तेजी : लिडार सर्वे कार्य हुआ पूरा

गोरखपुर ब्यूरो : सहजनवां से दोहरीघाट के बीच नई रेल लाइन बिछाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। रेल लाइन बिछाने के लिए चिह्नित भूमि का लिडार सर्वे (लाइट डिटेक्शन एंड रैंगिंग) पूरा हो गया है। अब गोरखपुर और मऊ जिला प्रशासन सोशल इंपैक्ट एसिस्मेंट कराएगा, ताकि पता चल सके कि रेल लाइन बिछने से कितनी आबादी को किस तरह का फायदा पहुंचेगा। सहजनवां–दोहरीघाट रेल लाइन का निर्माण करीब 1,320 करोड़ रुपये की लागत से होना है। गोरखपुर और मऊ में 535 हेक्टेयर जमीन की जरूरत है। जमीन के अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। रेल लाइन बिछाने के लिए लिडार सर्वे कराया गया है। इसके तहत ड्रोन से वीडियो फुटेज ली गई है। लिडार सर्वे के माध्यम से भूमि का आकलन किया जाएगा। सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर ही रेल लाइनें बिछाई जाएंगी। स्टेशनों और पुलों का निर्माण होगा। दो जिलों में 74 किलोमीटर लंबी लाइन बिछेगी गोरखपुर और मऊ जिले में 74 किलोमीटर लंबी रेल लाइन बिछाई जाएगी। इसके लिए दो जिलों की पांच तहसीलों के 111 गांवों में जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। इसमें से 104 गांव जिले की सहजनवां, खजनी, बांसगांव और गोला तहसीलों के हैं। नवंबर तक हो जाएगा दोहरीघाट–इंदारा रूट का अमान परिवर्तन गोरखपुर जिले के दोहरीघाट–इंदारा के बीच अमान परिवर्तन का काम नवंबर 2022 तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद इस रूट पर पहले एक पैसेंजर ट्रेन चलाई

जाएगी। सहजनवां–दोहरीघाट रेल लाइन बनने के बाद इस रूट पर एक्सप्रेस ट्रेनों को चलाने की राह आसान हो जाएगी। इंदारा से दोहरीघाट के बीच बन रहे अधिकांश पुलों का कार्य हो चुका है, वहीं अब शेष चार पुलों का कार्य पूरा होने के बाद विद्युतीकरण का काम शुरू होने जा रहा है। इस रूट पर ट्रेनों के चलने से तीन ब्लॉकों के 100 गांवों के लोगों की आवाजाही सुगम हो जाएगी। डिप्टी चीफ इंजीनियर कृष्णा सिंह ने बताया कि ज्यादातर काम पूरा करा लिया गया है। नवंबर तक काम को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सहजनवां–दोहरीघाट नई लाइन परियोजना के तहत लिडार सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है। आवश्यक एलाइनमेंट प्लान, यार्ड प्लान, ब्रिज प्लान तथा क्वांटिटी गणना का कार्य चल रहा है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है।

हर घर में मासिक धर्म के बारे में खुलकर चर्चा करने की जरूरत : सीडीपीओ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के 200 तथा सिरकोनी के 226 आंगनबाड़ी केंद्रों पर संभव अभियान के तहत किशोरी दिवस का आयोजन हुआ। इसके तहत नौ वर्ष से 19 वर्ष तक की किशोरियों को एनीमिया, मासिक धर्म प्रबंधन, साफ–सफाई तथा आयरन युक्त भोजन के बारे में जागरूक किया गया। सिरकोनी के बाल विकास परियोजना अधिकारी सीडीपीओ मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि कुछ शोधों से पता चलता है कि 75 प्रतिशत किशोरियां मासिक धर्म होने को शर्मिंदगी की बात समझती हैं। 72 प्रतिशत किशोरियां मासिक धर्म के दौरान कपड़े का इस्तेमाल करती हैं। 27 प्रतिशत खुद सेनेटरी नेपकिन खरीद कर लातीं हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें जागरूक किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म एक सर्वव्यापी तथा प्राकृतिक प्रक्रिया है। इसमें शर्मिंदा होने की कोई बात नहीं है। जरूरत है हर घर में मासिक धर्म के बारे में खुलकर चर्चा की जाए। इसके लिए आंगनबाड़ी के स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। सिरकोनी ब्लाक के आंगनबाड़ी केंद्र नेवादा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता यादव ने किशोरियों को बताया कि किशोरावस्था में तमाम शारीरिक परिवर्तन होते हैं। इसमें मासिक धर्म भी एक प्रमुख परिवर्तन है। मासिक धर्म सर्वव्यापी एवं प्राकृतिक प्रक्रिया है। अहमदपुर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अमिता ने बताया कि मासिक धर्म के दौरान नेपकिन का प्रयोग करना चाहिए। सेनेटरी नेपकिन उपलब्ध न होने पर सूखा और साफ कपड़ा प्रयोग करना चाहिए। कल्याणपुर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इंद्रा प्रजापति ने बताया कि खून की कमी से एनीमिया रोग होता है। इसलिए आयरन युक्त भोजन करना जरूरी है। मनहन की गीता यादव ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह आयरन की गोली खाना चाहिए। खाने में ज्यादा से ज्यादा हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करना चाहिए। परियावां की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माधुरी ने कहा कि मासिक धर्म में साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए और साफ–सुधरे कपड़े पहनना चाहिए। इसी तरह से राजेपुर की निर्मला, नाथूपुर की मंजू, सिरकोनी गांव की जयदेवी, समोपुर की मीरा रानी व शाहबड़ेपुर की आरती प्रजापति सहित अन्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किशोरियों को जानकारी दी। वहीं नगर क्षेत्र में वाजिदपुर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऊषा, नईगंज की किरन, असीरगढ़ टोला की शहनाज बानो,चकप्यार अली की कनीज ने किशोरियों को एनीमिया, मासिक धर्म प्रबंधन, साफ–सफाई तथा आयरन युक्त भोजन के बारे में जानकारी दी।

आज से पूरे माह चलेगा 'एक कदम सुरक्षित मातृत्व की ओर' अभियान

जौनपुर सू.वि. : गर्भवती व धात्री महिलाओं में एनीमिया व कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए एक सितंबर यानि गुरुवार से श्एक कदम सुरक्षित मातृत्व की ओरश् अभियान का दूसरा चरण चलाया जाएगा, जो 30 सितंबर तक चलेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने कहा कि मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चलने वाले इस अभियान में गर्भावस्था और प्रसवोपरांत महिलाओं के पोषण पर विशेष जोर दिया जायेगा। सीएमओ ने बताया कि अभियान के तहत समस्त स्वास्थ्य इकाइयों की ओपीडी व आईपीडी, मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान प्रत्येक माह की नौ तारीख को व प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक दिवस प्रत्येक माह की 24 तारीख को एवं ग्रामीण व शहरी स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस सत्र के माध्यम से जनजागरूकता एवं फोलिक एसिड, आयरन फोलिक एसिड, कैल्शियम व एलबेन्डाजोल की गोलियों का वितरण किया जाएगा। सभी गर्भवती व धात्री महिलाओं का शत–प्रतिशत डाटा ई–कवच पर अंकित किया जाएगा। सीएमओ ने समस्त सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को निर्देशित किया है कि केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में गोलियों की उपलब्धता सुनिश्चित कर लें। नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ एससी वर्मा ने बताया कि मातृ–शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए माह सितंबर में 'एक कदम सुरक्षित मातृत्व की ओर' अभियान का दूसरा चरण चलेगा। अभियान में प्रत्येक गर्भवती व धात्री महिलाओं तक आयरन, कैल्शियम, एलबेंडाजोल व फोलिक एसिड की उपलब्धता और दवाओं का सेवन सुनिश्चित करने का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) के लिए भी जागरूक किया जाएगा। गर्भवती में गोलियों के सेवन के प्रति व्याप्त मिथकों व नकारात्मकता का निराकरण करते हुए जागरूकता लायी जाएगी। मातृ स्वास्थ्य व पोषण संबंधी सेवाओं को सभी गर्भवती व धात्री तक उपलब्ध कराया जाएगा। समस्त चिह्नित उच्च जोखिम वाली गर्भवती का उपचार एवं फॉलोअप किया जाएगा। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता नीरज सिंह ने बताया कि जिले की समस्त गर्भवती व धात्री महिलाओं को इस अभियान लाभान्वित करने के लिए आशा कार्यकर्ताओं व ए.एन.एम. को प्रशिक्षित किया गया है। वह लाभार्थियों से गोलियों के सेवन के बारे में जानकारी देंगी तथा उनकी भ्रान्तियों को दूर करेंगी। कुपोषित व एनीमिक महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अभियान के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियां – प्रथम त्रैमास वाली सभी गर्भवती को फोलिक एसिड उपलब्ध कराना। दूसरे और तृतीय त्रैमास की सभी गर्भवती से पूर्व में दिए गए आयरन फोलिक एसिड, कैल्शियम की गोलियों के बारे में जानकारी लेना तथा अगले दिनों के लिए दवा उपलब्ध कराना। उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) वाली महिलाओं की पहचान करना और उन्हें चिकित्सा इकाईयों पर संदर्भित करना। 'गंभीर एनेमिया जिनका हीमोग्लोबिन 7 ग्राम से कम है उनको उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर संदर्भित करना है जिससे सभी गंभीर एनीमिया वाली गर्भवती का चिकित्सक की देखरेख में स्टाफ नर्स के माध्यम से आयरन सुक्रोज देकर इलाज किया जायेगा।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने बैठक में अभियोजन एवं डीजीसी संवर्ग के लोक अभियोजकों द्वारा अपने दैनिक अभियोजन कार्यो की डाटा फीडिंग ई–प्रॉसीक्यूशन पोर्टल पर किये गये अभियोजन के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अन्तर्गत अभियोजित वादों तथा पीड़ित को दी जाने वाली क्षतिपूर्ति के मामलों, उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत अभियोजित वादों, महिलाओं के विरूद्व घटित होने वाले लैंगिक अपराधों के वादों, पाक्सो अधिनियम में अभियोजित वादों, आयुधा अधिनियम के अन्तर्गत वादों के निस्तारण की स्थिति, आबकारी अधिनियम से सम्बंधित मामलों/जहरीली शराब से सम्बंधित मामलों की स्थिति, गम्भीर प्रकृति व अन्य आपराधिक वादों के निस्तारण की स्थिति, सम्मन व वारन्ट के तामीला की स्थिति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने न्यायालयों में कितने साक्षी बुलाये गये कितने उपस्थिति हुये कितने परीक्षित हुये और कितने बिना परीक्षित वापस लौट गये की स्थिति की समीक्षा, न्यायालयों में प्रस्तुत होने वाले जमानत प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की स्थिति, माह में निर्णीत सत्र परीक्षणों एवं आपराधिक वादो का अधिवक्तावार विवरण तथा सत्र न्यायालय में विचाराधीन गम्भीर अपराधों के वादों के निस्तारण की धारावार स्थिति की समीक्षा कर सम्बंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, एस0पी0 सिटी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय खुली ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ संपन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विकासखंड बीकापुर क्षेत्र अंतर्गत पं0 जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज खजुरहट में आज युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय खुली ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विकासखंड स्तरीय हुए इस खेल कूद प्रतियोगिता मैं बालक – बालिका दोनों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश सिंह पाल ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर प्रातः 8:00 बजे किया। विकासखंड स्तरीय इस खुली ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में लंबी दौड़, लंबी कूद, वालीबाल, हाई जंप, कबड्डी, गोला फेंक आदि खेल हुए। 100 मीटर लंबी दौड़ में अनुराग, 200 मीटर लंबी दौड़ में शिवानी, लंबी कूद में कुलदीप, वालीबॉल में आकाश शर्मा, हाई जंप में कुलदीप, 100 मीटर दौड़ में मीनाक्षी यादव, कबड्डी में रोशनी की टीम, गोला फेंक में अभिजीत एवं रोशनी प्रथम विजेता रहे। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के तत्वाधान में आयोजित इस खेलकूद के संयोजक क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी राहुल पाठक एवम मुख्य अतिथि पं0 जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज खजुरहट के पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद शर्मा रहे। खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य रूप से पीआरडी के जवान रवि प्रकाश सिंह, हरिराम यादव, आलोक कुमार, राजेंद्र शर्मा, हरी भवन यादव, तेज प्रकाश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

विकास प्राधिकरण नहीं करा सका 8 माह के बाद भी रजिस्ट्री : आखिर क्या कारण है?

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आठ वर्ष बाद भी अयोध्या विकास प्राधिकरण आवासों को रजिस्ट्री नहीं करा सका जबकि 30 से अधिक आवंटी ओं ने इसी साल जनवरी में आवास की धनराशि का भुगतान भी कर दिया था यह मामला प्रह्लाद घाट आवास योजना के तहत निर्मित जानकी विहार कॉलोनी का है इस योजना के तहत आठ करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से कुल 80 आवास निर्मित किए गए हैं प्रति आवास का क्षेत्रफल 75 वर्ग मीटर है विकास प्राधिकरण भूतल पर बने आवास के लिए 31 लाख रुपए और प्रथम तल के आवास के लिए 29 लाख रुपए जमा करा रहा है कुछ और योजनाओं के तहत आवास की कीमत 1450000 तय की गई है 38 आवंटी यह राशि जमा कर अब उसकी रजिस्ट्री और कब्जा पाने की बाट जोह रहे वही पाठक ने 50000 जमा कराया किंतु बार–बार दौड़ने के बावजूद उनकी रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है कब जाना तो दूर की कौड़ी से दूर है वहीं एक अन्य जनवरी में लोन कराकर 27 लाख 88 हजार रुपे प्राधिकरण में जमा किया उनका कहना है कि इस बारे में जानकारी का कोई भी कर्मचारी से बात करने को तैयार नहीं आखिर क्या कारण है जो अभी जानकी बिहार की डेवलपमेंट का कार्य चल रहा है इसमें सी वाली सड़क के अलावा गेट का निर्माण कराया जा रहा है पूर्ण होते ही सभी लोगों को आवासों की रजिस्ट्री कराने के साथ कब्जा भी दिला दिया जाएगा इस बारे में कहीं कोई गतिरोध नहीं है उक्त बातें डॉक्टर संजीव कुमार सचिव विकास प्राधिकरण ने कही।

पहली बार 7 देशों की रामलीला का दीप उत्सव में होगा मंचन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आगामी 23 अक्टूबर को होने वाला अब तक का सबसे बड़ा भव्य छठा दीपू सो प्रथम अवसर होगा जब लोगों को 7 देशों की संस्कृति विरासत को जानने का अवसर मिलेगा दीप उत्सव में ना सिर्फ साडे 14 लाख दीप जलते दियो का कीर्तिमान बनाने का लक्ष्य रखा गया है बल्कि विदेशी रामलीला के दलों की संख्या भी साबित रहेगी इस बार 7 देशों की रामलीला मंडलीओं को दीप उत्सव में राम नगरी लाने की तैयारी चल रही है इसमें 4 देशों के रामलीला दलों के कार्यक्रम लगभग तय हो चुके हैं और शेष 3 देशों की रामलीला कमेटियों के साथ पत्राचार अंतिम दौर में है दीप उत्सव में वर्ष 2018 में सर्वाधिक विदेशी रामलीला दलों ने प्रस्तुति दी थी तत समय सूरीनाम ट्रेनी एंड टोबैको सीजी इंडोनेशिया थाईलैंड एवं रूस के दलों ने दीप उत्सव पर रामलीला की प्रस्तुति दी थी गत वर्ष करो ना कि 1 देशों के बीच सिर्फ दो देश के ही रामलीला दल अयोध्या में आई थी नेपाल व श्रीलंका ने अपने रामलीला दल को भेजा था इस बार दीप उत्सव के प्रथम बार साथ विदेशी रामलीला दल अयोध्या में होंगे इनमें त्रिनिडाड एंड टोबागो थाईलैंड दुनिया में सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी के देश इंडोनेशिया कंबोडिया के रामलीला दलों के कार्यक्रम लगभग तय हो गई हैं वहीं रूपसी एवं श्रीलंका के अंतिम दौर में है भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद इन देशों की रामलीला कमेटियों से वार्ता कर रही है अयोध्या शोध संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी राम तीरथ ने बताया कि 4 देशों की रामलीला कमेटियों का आना लगभग तय है शेष 3 देशों की कमेटियों से वार्ता अभी चल रही है।

मरीजों के परिजनों के मुताबिक श्री राम अस्पताल में डॉक्टर बाहर की दवा लिखकर उड़ा रहे शासन के नियमों की धज्जियां

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मरीजों के परिजनों के मुताबिक अयोध्या जिले में श्री राम अस्पताल अयोध्या में तैनात अधिकांश डॉक्टर मरीजों को बाहर की दवा और जांच लिख रहे हैं।इस संबंध में जब कोई मरीज विरोध करता है तो मजबूरी में उसे अंदर की दवा लिख देते है।इस संबंध में श्री राम चिकित्सालय अयोध्या के सीएमएस ने बताया कि इस मामले की जांच की जायेगी।इस संबंध में मरीजों व उनके परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में दवा होने के बावजूद भी कमीशन के चक्कर में डॉक्टर अस्पताल के बाहर की महंगी दवा लिखते है।सूत्र के मुताबिक रामकोट की रहने वाली आरती देवी मंगलवार को 12 वर्षीय बेटे हर्षवर्धन को लेकर इलाज के लिए श्री राम चिकित्सालय पहुंची। हर्षवर्धन को दो दिन से बुखार था। आरती देवी बताती है कि पर्चा लेने के बाद डॉक्टर के पास पर्चा जमा कराया। करीब एक घंटे के बाद बेटे का नाम पुकारा गया। डॉक्टर ने बेटे को देखने के बाद दवा लिखी। दवा काउंटर पर बताया गया यह दवाएं बाहर के मेडिकल स्टोर पर मिलेगी।जब महिला दवा लेने बाहर उक्त मेडिकल स्टोर पर बाहर गई तो उक्त महिला के मुताबिक मेडिकल स्टोर संचालक ने दवा का बिल एक हजार रुपए बताया। आरती के पास पैसे नहीं थे।वह वापस आकर पूरी बात अपने पहचान के एक व्यक्ति को बताई।उसके विरोध के बाद डॉक्टर ने पर्चा से सभी दवाओं के नाम काटकर अंदर अस्पताल की निशुल्क दवा लिखी। इसी तरह एक एक



मामला रायगंज के रहने वाले प्रदीप के पिता अमरपाल के साथ हुआ।सूत्र के मुताबिक जब उसके परिजन उसे लेकर श्री राम अस्पताल में इलाज के लिए लाये।प्रदीप ने बताया कि पिता को चार दिन से बुखार और खांसी की शिकायत थी। अस्पताल में तैनात डॉक्टर ने पर्चा पर तत्काल जांच कराने के लिए लिखा। डॉक्टर के पास बैठे एक व्यक्ति ने उसे अस्पताल गेट स्थित एक पैथोलॉजी लैब ले गया। जहां उसने पूरे जांच के 3267 रुपए बताएं। प्रदीप ने आरोप लगाते हुए कहा कि डॉक्टर कमीशन के चक्कर दलालों में मिलकर महंगे जांच लिखते है। वही इस संबंध में सीएमएस डॉ सत्येंद्र सिंह ने बताया कि मुझे शिकायत नहीं मिली है। अस्पताल में दवाओं की कमी नहीं है। एक सप्ताह पहले कुछ दवाएं नहीं थी।सोमवार को करीब 30 दवाएं आई है।वही अभी इस समय अल्ट्रासाउंड के डॉक्टर नहीं है।बाकी सभी की जांच अस्पताल में ही होती है।फिलहाल इस मामले की जांच कराई जाएगी।

मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में उ0प्र0 मण्डलीय माइक्रो एण्ड स्माल इण्टरप्राइजेज फैसिलिटेशन काउंसिल की बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में उ0प्र0 मण्डलीय माइक्रो एण्ड स्माल इण्टरप्राइजेज, फैसिलिटेशन काउंसिल की बैठक आयुक्त सभागार में हुई। मण्डलायुक्त ने कहा कि एम0एस0एम0ई0डी0 एक्ट 2006 के द्वारा उ0प्र0 राज्य फैसिलिटेशन काउंसिल, कानपुर का गठन किया गया था, प्रदेश में एक ही काउंसिल स्थापित होने के कारण दूर स्थित इकाईयों का भुगतान लम्बित होने की दशा में कानपुर स्थित काउंसिल की बैठकों में प्रतिभाग करना काफी कठिन होता था, इस समस्या को दृष्टिगत रखते हुये उ0प्र0 सरकार द्वारा माइक्रो, स्माल एण्ड मीडियम इण्टरप्राइजेज डेवलपमेंट एक्ट तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अधिनियम 2020 के प्रावधानों के अन्तर्गत मण्डलीय माइक्रो एण्ड स्माल इंटरप्राइजेज फैसिलिटेशन काउंसिल अयोध्या मण्डल अयोध्या का गठन किया गया है। बैठक में सुलह समझौते के आधार पर तीन वादों के सम्बंधा में चर्चा की गयी तथा 5 वादों में आर्बीटेशन सम्बंधी बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी जिसमें मे0 सारा टेक्सटाइल्स बाराबंकी बनाम मे0 बनारस बीड्स लि0, वाराणसी में वादी को तथा मे0 आनन्द ट्रांसफार्मर्स प्रा0लि0 फैजाबाद बनाम मे0 सुपरिटेन्डिंग इंजीनियर पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0 मेरठ में साक्ष्य प्रस्तुत करने हेतु समय दिया गया तथा मे0 हाईटेक कांक्रीट प्रोडक्ट्स लखनऊ बनाम मे0 सद्भाव इंजीनियरिंग लि0 गुजरात वाद में अवार्ड को एक्जीक्यूट कराने हेतु कितना शुल्क जमा कराया जाना है तथा भविष्य में पारित होने वाले अवार्डो पर कितनी धनराशि पर कितना शुल्क जमा कराया जाना है एक सूची उपलब्धा कराने पर विचार किया गया, जिससे इकाईयों से शुल्क फैसिलिटेशन काउंसिल के खाते में जमा कराया जा सकें। इस अवसर पर मण्डलीय माइक्रो एण्ड स्माल इंटरप्राइजेज, फैसिलिटेशन काउंसिल अयोध्या के सदस्य सचिव/संयुक्त आयुक्त उद्योग एच0पी0 सिंह, सहित अन्य सदस्यगण व वादी प्रतिवादी उपस्थित रहे।

जिला प्रशासन और केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति की एक संयुक्त बैठक हुई सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आगामी रामलीला महोत्सव के तैयारियों के संदर्भ में जिला प्रशासन और केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति की एक संयुक्त बैठक अपर जिलाधिकारी नगर की अध्यक्षता में और अपर पुलिस अधीक्षक नगर की उपस्थिति में केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल और केंद्रीय समिति तथा नगर के सभी रामलीला समितियों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में स्थानीय धारा रोड पर स्थित एसपी सिटी के कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में प्रशासन के समक्ष केंद्रीय समिति और रामलीला समितियों के पदाधिकारियों द्वारा आगामी रामलीला महोत्सव के कार्यक्रम को रखा गया। रामलीला महोत्सव कैसे सुचारू सुव्यवस्थित और भव्य ढंग से संपन्न हो इसके बारे में बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जयसवाल ने प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रामलीला समितियों के प्रमुख समस्याओं को रखते हुए कहा कि रामलीला और दुर्गा पूजा का महोत्सव एक साथ शहर में भव्य तरीके से मनाया जाता रहा है। भगवान श्री राम की जन्मस्थली होने से यहां होने वाले भव्य रामलीला मंचनों के द्वारा पूरे विश्व को संदेश दिया जाता है, लेकिन इस बार नगर के सड़कों की स्थिति बहुत ही दयनीय है जिससे रामलीला के परंपरागत कार्यक्रम को करने में बहुत ही ज्यादा असुविधा होने की स्थिति है जिस पर अविलंब कार्य कराया जाना अति आवश्यक है। रामलीला के शोभा यात्रा और नाव नेवरिया मार्ग भी जगह जगह छतिग्रस्त हैं, ऐसे में आगामी महोत्सव के सुगमता और भव्यता पूर्वक संपन्न होने पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। केंद्रीय समिति के प्रमुख संरक्षक श्री विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि जो भी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखी जा रही हैं उन्हें गंभीरता से समाधान कराने की आवश्यकता है। अभी बारिश का मौसम समाप्त नहीं हुआ है इस आशंका को देखते हुए अंतिम समय का इंतजार ना करके समय से पूर्व ही समस्याओं का निराकरण अत्यंत ही आवश्यक है। केंद्रीय समिति के रामलीला प्रभारी और फतेहगंज रामलीला कमेटी के पदाधिकारी श्री प्रेमनाथ राय ने कहा अयोध्या नगर में होने वाली रामलीला को देखने हजारों लाखों की संख्या में श्रधालुगण आते हैं उन्हें कोई असुविधा ना हो इसलिए हम लोगों को बेहतर कार्य योजना बनाने की जरूरत है। बैठक में रामलीला समिति से आए हुए पदाधिकारियों में विशेष रुप से चौक रामलीला के श्री कन्हैया अग्रवाल ने चौक से रिकाबगंज मुख्य मार्ग की बदहाली, साहबगंज रामलीला के श्री अशोक सिंह ने रामलीला मैदान साहबगंज के क्षतिग्रस्त इंटरलॉकिंग मार्ग, कोठापार्चा रामलीला के श्री सिद्धार्थ महान ने कोठापार्चा की क्षतिग्रस्त सड़क, हैदरगंज रामलीला के श्री राजन गुप्ता ने हैदरगंज रामलीला स्थल के क्षतिग्रस्त इंटरलॉकिंग मार्ग और वजीरगंज जप्ती रामलीला के रविंद्र ने रामलीला स्थल पर बड़े–बड़े गड्ढे और जलभराव की समस्या को प्रशासन के समक्ष रखा। बैठक के अंत में केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने प्रशासनिक अधिकारियों से यथाशीघ्र ही राम वन–गमन मार्ग और भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण करने का आग्रह किया, जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ केंद्रीय समिति के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा संयुक्त निरीक्षण की योजना बनी। बैठक में क्षेत्राधिकारी नगर शैलेंद्र सिंह जल निगम के अभियंता शुक्ला जी, नगर निगम के अधिशासी अभियंता एम. नारायण झा तथा सफाई निरीक्षक राजेश वर्मा और देवी प्रसाद वर्मा के साथ केंद्रीय समिति के गगन जायसवाल, जे एन चतुर्वेदी, सुप्रीत कपूर, अतुल सिंह, अखिलेश पाठक, चंदन गुप्ता और रामलीला समितियों से अमित गुप्ता आशीष गुप्ता सुनील यादव सहित केंद्रीय समिति और रामलीला समितियों के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से किया संवाद

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पूर्व भाजपा विधायक गोरखनाथ बाबा ने मंगलवार को कुमारगंज नगर पंचायत के महर्षि बामदेव तपस्थली पर आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया और उनके समस्याओं के निराकरण का भी आश्वासन दिया। पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने कहा कि भाजपा सरकार में कुमारगंज को नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त हुआ जब से कुमारगंज नगर पंचायत बनी स्वच्छता बढ़ी है और प्रकाश के लिए जगह–जगह लाइट लगाई जा रही है। धीरे धीरे सभी गली मोहल्लों को पक्की सड़क से जोड़ने की रूपरेखा तय हो रही है। क्षेत्र का चौमुखी विकास हो रहा है। नगर पंचायत का जो भी पात्र व्यक्ति आवास से वंचित है सबको आवास दिलाया जाएगा उसके लिए संबंधित मंत्री व अधिकारियों से मिलकर समस्याओं से अवगत कराया जाएगा। मोदी योगी के नेतृत्व में कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी योजना के लाभ से वंचित नहीं रहने पाएगा। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रबली सिंह, मंडल अध्यक्ष बंशीधर शर्मा, महेश ओझा, महामंत्री अनीत सिंह, जिला पंचायत सदस्य अंकित पांडे, अजय विक्रम सिंह, विजय कुमार उपाध्याय, बैजनाथ वैश्य, दिनेश कौशल, बवां के पूर्व प्रधान बबलू सिंह आदि उपस्थित रहे।

कैंट पुलिस क्राइम ब्रांच व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने अंतर्जनपदीय ट्रक चोर गैंग का किया पर्दाफाश

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी)जनपद की कैंट थाना पुलिस, क्राइम ब्रांच व सर्विलांस टीम को चार पहिया वाहन चोरों के अंतर्जनपदीय गैंग का पर्दाफाश करने में बड़ी सफलता मिली।पुलिस के मुताबिक पुलिस टीम ने कैंट थाना क्षेत्र के गद्दोपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास से अंतर्जनपदीय गैंग के आधा दर्जन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।वही इनकी निशानदेही पर चोरी की एक स्विफ्ट डिजायर कार, एक बलेनो कार व एक महिंद्रा एक्सयूवी कार बरामद हुई है। इनके पास से 3 तमंचा कारतूस व तीन लाख 97 हजार रूपये नगद भी बरामद हुए हैं। इस बात का खुलासा करते हुए एसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि कैंट पुलिस व क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थाना क्षेत्र के गद्दोपुर रेलवे क्रासिंग के पास कुछ शातिर चोर चोरी की योजना बना रहे हैं जिसके बाद कैंट पुलिस क्राइम ब्रांच हुआ सर्विलांस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर 6 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।जबकि तीन चोर अभी वांछित हैं। पुलिस के मुताबिक यह सभी पकड़े गए चोर अयोध्या बस्ती गोंडा और वाराणसी के रहने वाले हैं। एसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि यह सभी चोर पहले रेकी करते थे उसके बाद कार व ट्रक की चोरी करते थे और रूट बदलकर अन्य जनपदो में ले जाकर बेच देते थे। इन सभी का आपराधिक इतिहास

खंगाला जा रहा है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्तों में 38 वर्षीय अमरेश बहादुर वर्मा उर्फ पप्पू वर्मा पुत्र रामसागर वर्मा निवासी ढेलहूपुर रघुनाथपुर थाना परशुरामपुर जनपद बस्ती , 40 वर्षीय नदीम अहमद पुत्र जफरूल्लाह निवासी भदोखर थाना पूराकलन्दर अयोध्या, 32 वर्षीय साजिद सिद्दीकी पुत्र राजिक अली सिद्दीकी निवासी फातिमा स्कूल कर्बला थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा, 25 वर्षीय किशन साहू उर्फ छोटू पुत्र श्याम किशोर साहू निवासी कटरौली थाना रौनाही जनपद अयोध्या, 38 वर्षीय माधव गिरी उर्फ पिन्टू पुत्र निरंजन गिरी निवासी पाण्डेयपुर नई बस्ती थाना जैदपुरा जनपद वाराणसी व 28 वर्षीय मनोज कुमार पासवान उर्फ शेरू पुत्र कांग्रेसी चौधरी निवासी चौकाघाट पानी की टंकी के पास थाना जैदपुर जनपद वाराणसी का निवासी है।

ब्लॉक स्तरीय खेल में महारानी सुखमता स्कूल का रहा दबदबा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय खुली ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन अमानीगंज ब्लॉक के कंदई कला मिनी स्टेडियम में किया गया जिसमे ब्लॉक के ग्रामीण स्कूलों के छात्रों एवं सैकड़ो युवाओं ने प्रतिभाग किया जिसमें 100 मीटर 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में महारानी सुखमता उ० मा० विद्यालय की लड़कियो ने प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त करके लम्बी दौड़ में अपना दबदबा बनाए रखा, वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में भी लड़कियो ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल और ट्राफी पर कब्जा जमाया । लंबी कूद में इसी स्कूल की रूचि रावत ने 13.9 फीट छलांग लगा कर प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया दूसरे तीसरे स्थान पर भी महारानी सुखमता की लड़कियां रहीं । खेल का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य उमानाथ शुक्ल ने दीप प्रज्ज्वलन तथा फीता काट कर किया । प्रमाण पत्र व ट्राफी वितरण खण्ड विकास अधिकारी अमानीगंज विमलेश मोहन श्रीवास्तव व सहायक विकास अधिकारी पंचायत शिव कुमार चौबे द्वारा किया गया । खेल प्रशिक्षक एवं प्रतियोगिता की आयोजक अमिता श्रीवास्तव ने खेल के बारे में जानकारी देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। खिलाड़ियों ने बी डी ओ साहब तथा प्रशिक्षक से स्टेडियम में प्रशिक्षक नियुक्त करने व पीने के पानी के लिए इंडिया मार्का हैंड पम्प लगाने की मांग रखी । इस अवसर पर कंदई कला प्रधान प्रति निधि संतराम सिंह, डॉ विवेक सिंह, अलोक मिश्रा, नईम अहमद, अतुल सिंह, बिहारी लाल, महेश तिवारी, व अजय पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

जनपद के पंद्रह बेरोजगार युवाओं को मिला रोजगार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर, अयोध्या में दिनांक 30 अगस्त 2022 को प्रातः 10.00 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 47 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। उनमें से 15 युवाओं को कम्पनी के एच0आर0 के माध्यम से रोजगार प्राप्त हुआ। रोजगार मेले को सफल बनाने हेतु सहायक निदेशक, सेवायोजन श्री पद्म वीर कृष्ण ने रोजगार मेले में आये हुए बेरोजगार युवाओं को कैरियर का चुनाव कैसे करें का टिप्स दिये। इसी क्रम में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, परिसर अयोध्या में एक कैरियर काउन्सिलिंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें 40 युवाओं ने प्रतिभाग किया। जिला रोजगार सहायता अधिकारी श्री राम कुमार द्विवेदी ने काउन्सिलिंग में आये युवाओं को साक्षात्कार में सफल होने के गुण बताये। उक्त जानकारी सहायक निदेशक, सेवायोजन अयोध्या मण्डल, अयोध्या।

डूब क्षेत्र के दावों में सुराग ही सुराग यह हाल है अयोध्या नगरी का

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिस सीमावर्ती क्षेत्र को अयोध्या विकास प्राधिकरण डूब क्षेत्र बताकर वहां बने भवनों पर बुलडोजर चलवा रहा है उसी डूब क्षेत्र के दावे में कई सुराग हैं पहली नजर में ही यह दावा हैरत में डालता है कि जो क्षेत्र एक आधी बंधुओं से संरक्षित है उसे डूब डूब क्षेत्र साबित करने के पीछे क्या रहस्य है जहां एक और प्रशासन सीमावर्ती क्षेत्र को डूब क्षेत्र मारने पर तुला हुआ है वही गुप्तार घाट से राजघाट तक बने बंधे के सौंदर्यीकरण और दोहरीकरण का युद्ध स्तर पर चल रहा काम ही अचरज में डालता है कथित डूब क्षेत्र में बने हजारों आवासों का अस्तित्व बचाने के लिए अभियान चलाने वाले सपा नेता डॉ आशीष पांडे दीपू कहते हैं यह क्षेत्र पहले ही बांध से सुरक्षित है और आज जब बंधा को और सुंदरीकरण किया जा रहा है इस क्षेत्र में बने आवासों को गिराए जाने की आवाम माननीय है वह अलोकतांत्रिक सुझाव के स्वर में मांग दोहराते हुए आशीष कहते हैं प्राधिकरण प्रशासन और शासन में यदि अयोध्या के लोगों के प्रति ज्यादा भी संवेदना है तो उसे कथित डूब क्षेत्र को तत्काल आवासीय क्षेत्र में परिवर्तित करना चाहिए और उचित समन शुल्क के साथ इस क्षेत्र में बने हजारों मकानों को मानचित्र माननीय करना चाहिए डूब क्षेत्र के दावेदारी माझा बरेठा क्षेत्र में भी क्रूर मजाक है हजारों एकड़ का जो क्षेत्र दशकों से अयोध्या मिलवा हरी घाट बंधा और लखनऊ गोरखपुर फोरलेन मार्ग से संरक्षित है उसे भी डूब क्षेत्र का क्षेत्र बताया जा रहा है और इस क्षेत्र में भी बने हजारों मकानों पर प्राधिकरण की तलवार लटक रही है जिसे लोगों में भय व्याप्त है वहीं पूर्व विधायक जय शंकर पांडे शासनादेश का हवाला देते हुए बताती हैं कि डूब क्षेत्र तटबंध और नदी के बीच के भाग को कहते हैं ना कि तटबंध और पुरानी बस्ती के बीच के भाग को 1:00 17 अक्टूबर 2019 को सरयू नहर खंड के अधिशासी अभियंता की ओर से जारी विभागीय पत्र के आधार पर कहते हैं कि अयोध्या जिले में जो 23 गांव बाढ़ प्रभावित घोषित हैं उनमें से एक भी गांव डूब क्षेत्र का नहीं है वहीं डूब क्षेत्र के दवों के साथ मकानों पर चल रहा बुलडोजर दूसरी ओर बंधा चौधरी करण डूब क्षेत्र को संरक्षित करने का भी हो रहा प्रयास आखिर यह कैसा मजाक है अयोध्या धर्म नगरी के साथ।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।